दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 10 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 363 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 10 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 363 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# दिल्ली सीएम आवास हुआ सील, हैंडओवर को लेकर विवाद, पीडब्ल्यूडी ने लगाया डबल लॉक

**दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर बड़ा सियासी घटनाक्रम देखने को मिल रहा है। कारण, ढहऊने 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास को सील कर दिया है। इसके गेट पर विभाग ने डबल लॉक लगा दिया है। अरविंद केजरीवाल द्वारा सीएम पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद इस सरकारी आवास को खाली किया गया था। वहीं आतिशी सीएम बनने के बाद इसमें शिफ्ट हुई थीं। आवास को खाली करने और हैंडओवर को लेकर ही विवाद है, जिसके बाद पीडब्लूडी ने एक्शन लिया है।

इसके अलावा दिल्ली के विजिलेंस डिपार्टमेंट में पीडब्ल्यूडी के दो सेक्शन ऑफिसर और अरविंद केजरीवाल के पूर्व स्पेशल सेक्रेटरी को तरीके से हैंडओवर लेने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पीडब्लूडी की कार्रवाई के बाद आम आदमी पार्टी



ने उपराज्यपाल पर आरोप लगाए। पार्टी ने कहा कि उपराज्यपाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री आतिशी का सारा सामान सीएम आवास से बाहर निकाल दिया गया है।

इससे कुछ देर पहले भी आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि प्रोटोकॉल की अवहेलना करते हुए अधिकारी बीजेपी के दबाव के कारण 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगला दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को आवंटित नहीं कर रहे हैं, जबकि उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने इसे खाली कर दिया है। वहीं दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री पर बंगले पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया और इसे सील करने की मांग की थी।

**सीएम आवास में सोमवार को ही शिफ्ट हुई आतिशी :** बता दें कि आतिशी सोमवार को अपने सामान के साथ उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में स्थित बंगले में शिफ्ट हो गई थीं। इस बंगले में 9 साल से अधिक समय से अरविंद केजरीवाल अपने परिवार के साथ रह रहे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इसे खाली कर दिया था।

बुधवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि बंगला अभी आतिशी को आवंटित नहीं किया गया है और बीजेपी पर बंगले को हड़पने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

### बीजेपी ने साधा निशाना

सीलिंह की कार्रवाई के बाद दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, अरविंद केजरीवाल, आखिर आपके पाप का घड़ा भर गया। आपका भ्रष्टाचारी शीश महल आखिरकार सील हो ही गया। आज सुबह ही बीजेपी ने मांग की थी कि जिस भ्रष्टाचारी शीश महल का सेंशन प्लान पास नहीं हुआ, कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिला, उसमें आप कैसे रह रहे थे। साथ ही कैसे आप चोर दरवाजे से अपनी खडाऊं मुख्यमंत्री (आतिशी) को घुसाना चाहते थे।

# गाजियाबाद के विकास को लगेंगे पंख

## निगम क्षेत्र में 1795 करोड़ रुपये होंगे विकास कार्यों पर खर्च

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक हुई। नगर निगम की बोर्ड बैठक में पहली बार कैबिनेट मंत्री विधायक सुनील शर्मा और मुरादनगर से विधायक अजीत पाल त्यागी पहुंचे थे। साथ ही महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और पार्षदों की उपस्थिति में नगर निगम की बोर्ड बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए बजट पास हो गया है। निगम शहरी क्षेत्र में 1795 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों पर खर्च करने का काम करेगा। जिसके बाद शहर गाजियाबाद को विकास के लिहाज से नए पंख लगेंगे। इसके साथ ही निगम की प्रस्तावित आय भी 1552 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर निगम की आय बढ़ेगी तो शहर में विकास कार्यों की संख्या में इजाफा होगा। पार्षदों के क्षेत्र में अधिक धनराशि से काम कराए जा सकेंगे। बोर्ड बैठक के जरिए अधिकारियों ने जानकारी दी है कि अंतिम अवशेष 508 करोड़ रुपए से ज्यादा बचा हुआ है। जिसके तहत सड़क निर्माण, पार्क, पेयजल, प्रकाश आदि व्यवस्था पर काम कराए जाएंगे। इसके साथ ही कई विकासकारी योजनाओं के लिए भी योजनाएं तैयार की जाएंगी।



- ट्रेड लाइसेंस शुल्क लागू करने के प्रस्ताव पर सदन की ओर से कमेटी गठित कर रेट तय करने को बोर्ड ने दी मंजूरी
- कमेटी में 5 पार्षद होंगे, कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही रेट जारी किये जायेंगे

### नदियापार में बनेगा 13140 वर्ग मीटर में निगम मुख्यालय

**करंट क्राइम।** नगर निगम में जो प्रमुख प्रस्ताव पास हुए हैं, उसमें नगर निगम का नया मुख्यालय बनाने का भी प्रस्ताव पास किया गया है। नगर निगम का नया मुख्यालय अर्थला के निकट बनाया जाएगा, जो नदियापार इलाके में आता है। यहां 13140 वर्ग मीटर भूमि नगर निगम को दी जाएगी, जहां नगर निगम का मुख्यालय बनकर तैयार होगा। यह कई मंजिला और भव्य होने के साथ ही आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिए भी बड़ी धनराशि तय की गई है ताकि नगर निगम गाजियाबाद का भव्य मुख्यालय बन सके।



## निगम में 47 प्रस्ताव में 46 पर लगी मुहर



### डेढ़ एकड़ जमीन में विकसित होंगे पार्क

**करंट क्राइम।** उपवन नीति के तहत पार्क विकसित किए जाएंगे। जिन वार्डो मे डेढ़ एकड़ जमीन मिलेगी, उस पर मियावाकी पद्धति से पौधे लगाए जाएंगे। ओपन जिम व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



### कूड़ा निस्तारण और साफ सफाई पर खर्च होंगे 213 करोड़ रूपये से ज्यादा का बजट

**करंट क्राइम।** बुधवार को नगर निगम में हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक में वर्ष 2024 के लिए बजट पास हो गया है। नगर निगम इस बार 1795 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य कराएगा। तो वहीं कूड़ा निस्तारण और साफ सफाई के लिए लगभग 213 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च किए जायेंगे। गाज़ियाबाद में कूड़े की समस्या का निस्तारण करने और नया डंपिंग ग्राउंड बनाकर उसे चालू करने का भी लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 100 वार्डों के लिए 5000 स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था की गई है, ताकि शहर को रोशनी से जगमग किया जा सके।



### जिम, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग और स्पोर्ट्स अकादमी पर कितना लगेगा कर, कमेटी करेगी तय

**करंट क्राइम।** नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान जिम, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग सेंटर, चार्टर्ड अकाउंटेंट का कार्यालय, स्पा, ज्वेलरी शोरूम, ब्रांडेड शूज के शोरूम से लेकर खेलने की अकादमी पर नगर निगम कितना टैक्स वसूलेगा, इसको लेकर वार्षिक दर तैयार की गई थी। लेकिन इस पर एक समान कर निर्धारण नहीं हो सका। इसके लिए नगर आयुक्त और महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एक कमेटी बनाई जाए। जिसमें नगर निगम के कर निर्धारण टीम के अधिकारियों के साथ ही पार्षदगण और अन्य लोगों को भी रखा जाए। ताकि पारदर्शिता के साथ कर की वार्षिक दर तय की जा सके।



### मेयर ने कहा गालंद का मामला होगा जल्द हल, पार्षदों से लगवाएंगी 'एक पेड़ मां के नाम'



**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि गालंद में कूड़ा निस्तारण वाले मामले को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। शासन से लेकर कई एजेंसी और कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही नगर आयुक्त भी इस पूरे मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा है कि गालंद में जल्द ही भारतीय जनता पार्टी के अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सभी पार्षदों से 100 पेड़ लगवाने का काम करेगी।

### मेयर ने बताया क्या है पार्षदों के लिए दीपावली गिफ्ट

**करंट क्राइम।** नगर निगम की बैठक के दौरान पार्षद सचिन डागर ने महापौर सुनीता दयाल से कहा कि पार्षदों को दीपावली पर क्या गिफ्ट मिलने वाला है। तो महापौर ने कहा कि परेशान मत हो 5000 लाइटें आने वाली है। पूरा शहर रोशन होने वाला है, सबको लाइट मिलेगी। हर पार्षद को 50-50 लाइटें दी जाएगी, ताकि शहर दीपावली पर जगमग और रोशनी से भर-पूर नजर आए।



### जब मेयर ने रखे कई और प्रमुख प्रस्ताव

**बताया वेंडिंग जोन, पैट पर रोक और अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव**

**करंट क्राइम।** नगर निगम में दोपहर बाद लंच की समाप्ति पर जब बैठक शुरू हुई तो महापौर सुनीता दयाल ने सबसे पहले पैठ बाजार को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस वेंडिंग जोन के रूप में जाना जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम तय करें कि वेंडिंग जोन कहां बनेगा। कितने स्थान पर इसका संचालन होगा। उन्होंने कहा कि उनको कई बार शिकायत मिली है कि इन बाजारों से अवैध उगाही होती है। यहां लाइटें और तख्त डालने के नाम पर अन्य लोग वसूली करते हैं। उन्होंने कहा जब नगर निगम क्षेत्र में यह होगा तो इसकी जो भी फीस हो, उसे लेने का काम नगर निगम को करना चाहिए, ना की कोई अन्य करें। इसके साथ ही उन्होंने गंदे नाले पर लगने वाले बाजार को लेकर रोक लगाने के लिए कहा है। साथ ही डायमंड रोड़ पर मेयर ने कहा कि 10 बार अतिक्रमण हटाया जा चुका है फिर भी यहां दोबारा अतिक्रमण हो रहा है।

### मेयर ने कहा चिन्हित हो रोहिंग्या व बांग्लादेशी

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में कहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी हैं यह भी जानकारी जुटाई जाए। अगर पार्षदों या अन्य किसी के पास ऐसी कोई जानकारी है तो वह उस जमीन और स्थान, जो निगम का हो, उस पर अगर कब्जा होगा तो उसे खाली करने का प्रयास करेंगे और उनको हटाया जाएगा।

### जब पार्षद अमित त्यागी ने उठाया शमशान घाट पर पर्ची वाला मामला



**करंट क्राइम।** नगर निगम के पार्षद अमित त्यागी ने कवि नगर रजापुर में शमशान घाट पर पर्ची न उपलब्ध होने की वजह से मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में असुविधा और देरी का विषय रखा। तो उनके समर्थन में पार्षद शशि गौतम, अमित त्यागी और मनोज त्यागी भी खड़े हो गए। इसके साथ ही कई अन्य पार्षदों ने भी इस पूरे मामले को गंभीरता से उठाया। तो महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि हिंडन पर जो शमशान घाट है, वहां पर भी तय रेट लिस्ट हो। लकड़ी से लेकर पुजारी तक की एक फीस हो, जिसकी पर्ची नगर निगम का ही कर्मचारी काटे।

### बदलेंगे श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क के दिन

**करंट क्राइम।** नगर निगम की बुधवार को हुई बोर्ड बैठक के दौरान तय किया गया है कि विभिन्न पार्कों के सौंदर्यीकरण के साथ ही कवि नगर जोन औद्योगिक क्षेत्र डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में फुटपाथ का निर्माण और यहां के सौंदर्यीकरण के लिए भी करोड़ों रुपए खर्च किए जाएंगे, ताकि इस सुंदर और पहले से ज्यादा आकर्षक बनाया जा सके।





### पार्षद राधेश्याम त्यागी ने उठाया मकनपुर में कूड़ा 4 महीने से ना उठने का मामला




**करंट क्राइम।** मकनपुर से पार्षद राधेश्याम त्यागी ने 4 माह से मकनपुर में कूड़ा ना उठने का मामला उठाया है। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं। साथ ही कई बार मीडिया में भी इस पूरी परेशानी को प्रकाशित करवा चुके हैं। लेकिन नगर निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी यह कहकर असमर्थता जता देते हैं कि कूड़ा कहां फेंका जाए और इसे कहां लेकर जाएं।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा जारी रहेगा जीरो टॉलरेंस और महिलाओं को मिलनी चाहिए भागीदारी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम की बोर्ड बैठक में कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा भी पहुंचे थे। सुनील शर्मा ने कहा कि नगर निगम को आय बढ़ाने पर फोकस रखना चाहिए। साथ ही टैक्स बढ़ोत्तरी नहीं हो रही है तो ठीक है। लेकिन जहां अनियमिताएं मिल रही हैं, चाहे वह बैंक्विट हॉल हो, स्कूल हो या कॉलेज हो। उसका सेल्फ एसेसमेंट अधिकारी करें और जहां कर निर्धारण में परेशानी आ रही है उसकी रिपोर्ट भी भेजें। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बवाग को लेकर जब नगर निगम के सदन में पार्षदों की ओर से बवाग गो-बैक के नारे लगा रहे थे। तो मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह योगी आदित्यनाथ की सरकार है, जहां जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बवाग को लेकर नगर निगम के पार्षद और अधिकारी लगातार शासन को अपना फीडबैक भेजें। वह ऑनलाइन और ऑफलाइन शिकायतें करें ताकि शासन को बताया जा सके कि यहां इसकी देखरेख में कार्य ठीक नहीं हो रहा है। बता दें कि बवाग नाम की एजेंसी सीवरेज समस्या को ठीक करने का काम इन दिनों नगर निगम के लिए कर रही है।



### डीएलएफ में अतिक्रमण की समस्या पर नाराज हुई पार्षद रेखा गोस्वामी

**करंट क्राइम।** नगर निगम की पार्षद रेखा गोस्वामी डीएलएफ कॉलोनी में अतिक्रमण को लेकर नाराजगी जताई। साथ ही उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जोन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि अगर कोई आईजीआरएस पर शिकायत कर देता है तो वहां की शिकायत पर अधिक महत्व दिया जाता है। इस पर मेयर ने कहा कि वह पूर्व निरीक्षण कर चुकी है, जो समस्या है उसे अधिकारी जल्द दूर करने का काम करें।



## न्यूज डायरी

### एसी से कॉपर का सामान चोरी किया

**लोनी, करंट क्राइम।** चोरों ने मूवी मैजिक सिनेमा परिसर में चल रहे रिलायंस स्टोर के दो एसी के आउटडोर यूनिट से सोमवार रात कॉपर का सामान चोरी कर लिया। स्टोर मेनेजर रोहित कुमार ने बताया कि चोरी किए कॉपर के सामान की कीमत करीब 1.5 लाख रुपए हैं। मेनेजर ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### पति पर लगाया पत्नी ने मारपीट का आरोप

**लोनी, करंट क्राइम।** एक महिला ने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकुर विहार थाने की हयात एंक्लेव कॉलोनी निवासी खालिद की पत्नी सारा का आरोप है कि आए दिन उसका पति उसके साथ गालीगलौच और मारपीट करता है। रोज रोज की कलह के कारण वह नरकीय जीवन यापन कर रही है। आरोप है कि पांच अक्टूबर को उसके पति खालिद ने उसे जमकर पीटा। जिससे उसे गुम चोट आई हैं। पीडिता ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### लोनी के प्राचीन दुर्गा मंदिर में आज होगा हवन

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के प्राचीन दुर्गा मंदिर में गुरुवार को सप्तमी के दिन हवन का आयोजन किया जाऐगा। शुक्रवार को अष्टमी के दिन मां दुर्गा की नगर में भव्य विशाल नगर परिक्रमा निकाली जाऐगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष कैलाश गर्ग तथा सचिव संदीप गुप्ता ने बताया कि परिक्रमा मंदिर से शुरू होकर लोनी तिराहे से बलरामनगर जैन मंदिर होते हुए वापस बलरामनगर विस्तार के मुख्य 60 फुटा रोड से राशिद गेट से मैन बाजार से होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न होगी। रात में मंदिर में मां भगवती का विशाल जागरण होगा तथा शनिवार को नवमी के दिन भंडारे के साथ दुर्गा पूजा संपन्न होगी।

### नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में छात्रों का बेहतर प्रदर्शन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी ग्लोबल स्कूल में चल रहे नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप 2024–25 में बुद्धवार को बच्चों ने अपनी हौसलों की उड़ान को पूरे जोश के साथ भरी, मैच ने दर्शकों को बांध के रखा। अंडर 14 श्रेणी में आरके वीएम झारखंड ने विद्या प्रतिष्ठान इंदिरापुरम महाराष्ट्र को 15–7 से हराकर विजय हासिल की। इसी शृंखला में नोजग पब्लिक स्कूल राजस्थान का मुकाबला नव उदय कॉन्वेंट स्कूल दिल्ली के बीच हुआ, जिसमें दिल्ली की टीम ने 20–10 के शानदार स्कोर से जीत दर्ज की। दर्शक तब और उत्साहित थे, जब मेजबान टीम डॉ0 केएन मोदी ग्लोबल स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल यूएई को कड़े मुकाबले में 6–2 से हराया। इसी तरह इंडिया स्कूल अल सीब ओमान ने रॉयल इंटरनेशनल स्कूल हरियाणा को 22–8 के स्कोर से हराते हुए अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। इसी श्रृंखला में शाम की पारी में आरकेवीएम झारखंड ने नोजगे पब्लिक स्कूल राजस्थान को 25–18 से हराया तथा इंडिया स्कूल अल सीब ओमान ने विद्या प्रतिष्ठान इंदापुर महाराष्ट्र को 14–9 के साथ जीत हासिल की। अंडर 17 कैटेगरी के मैचों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दर्शक हर टीम की प्रतिभा और जुनून से प्रभावित होकर इस यादगार खेल प्रदर्शन की अविस्मरणीय यादें लेकर लौटे।

# महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व मे विभिन्न कालेज, मुख्य चौराहा एवं डिग्री कॉलेज में युवाओं को भाजपा सदस्यता अभियान से जोड़ने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सतेंद्र अवाना उपस्थित रहे। इस सदस्यता अभियान के दौरान अलग-अलग कॉलेजों में हजारों युवाओं ने नरेंद्र मोदी व योगी आदित्यनाथ सरकार की जनकल्याण नीतियों और विशेष कर देशभर में युवाओं के कल्याण के लिए चलाए जा रहे, युवा कल्याण कार्यक्रमों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

महानगर भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढा ने बताया कि जब से पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया है, तब से देश के युवाओं में सदस्यता ग्रहण करने के लिए एक विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाए गए।

रोजगारमूलक कार्यक्रमों के कारण संभव हो पाया है, जिस कारण अधिक से अधिक युवा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र अवाना ने युवाओं से यह भी आग्रह किया की देश एवं प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है जो युवाओं के बारे में सोचती है और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहती है इसलिए सदस्य अभियान में युवाओं से अपील की ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा से जुड़ें। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, अनिल कटारिया, लोवनेस त्यागी, प्रयाम सक्सेना, विपिन पारचा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र के मसूरी क्षेत्र में किया गया पैदल रूट मार्च





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती द्वारा दिए गए विवादित बयान से मुस्लिम समाज में भारी आक्रोश पैदा हो गया। इस बयान के बाद गाजियाबाद के कई क्षेत्रों में तनाव की स्थिति बनी रही। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न इलाकों में रूट मार्च का आयोजन किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही पीस मीटिंग्स का भी आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख धार्मिक और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शांति बनाए रखने की अपील की। थाना मसूरी क्षेत्र में गुरुवार को शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने रूट मार्च किया। पुलिस ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी अफवाह से बचें।

## हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक पर लोहा व्यापारियों ने खुशी मनाई : डॉ.अतुल जैन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हरियाणा राज्य में भारतीय जनता पार्टी की हैट्रिक पर लोहा व्यापारियों में खुशी की लहर है। सभी ने बड़े ही उत्साह से आपस में मिठाई खाकर और खिलाकर खुशी मनाई। देश का विकास भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में सुरक्षित है और तेजी से लगातार हो रहा है। प्रधानमंत्री की नीतियों और उनके नाम पर हरियाणा राज्य में शानदार प्राप्त हुई है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ सभी वर्गों के हितों का सदा ध्यान रखते हुए कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, इससे प्रदेश के और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी वर्गों के व्यापारियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और अन्य सभी आमजन के लिए ध्यान रखा जा रहा है। देश और प्रदेश के शासन से सभी खुश हैं और सभी नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के साथ हैं।

## राजनगर एक्सटेंशन के छठ घाट पर दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित छठ घाट पर श्रीदुर्गा पूजा समिति द्वारा नवरात्रि में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें रोज हजारों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। समिति द्वारा बच्चों, युवा पीढ़ी व महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का निरंतर आयोजन किया जा रहा है जिसमें पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को सुंदर तरीके से उठाया जाता है। आयोजन में सेल्फी प्वाइंट का भी निर्माण किया गया है जिसमें पेड़ पर गणपतिजी की सुंदर आकृति बनाकर 'प्रकृति ही भगवान है और उसका संरक्षण किया जाना चाहिए' जैसे सुंदर संदेश को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस आयोजन में समिति के सभी कार्यकर्ता राजीव झा, अनिल झा, बिन्दु शेखर, दयानन्द झा, गिरीश ठाकुर, एस के श्रीवास्तव, दीपांशु मित्तल, वीरेंद्र चौबे, सुजीत झा, एस एन मिश्रा, वीबी राय, धीरज झा, ऋषि कालरा, संजय यादव, विजेंद्र विद्रोही, संतोष झा, निधि विश्वकर्मा, अदिति, अर्चना, स्नेहलता, अनिता, रीता, विनय झा, राजीव श्रीवास्तव, अतुल गुप्ता, डॉ. प्रमोद हटवाल, पीयूष मिश्रा, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह और राजनाथ से मिले नायब सैनी



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस बीच हरियाणा विधानसभा में भाजपा का कुनबा भी बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। राज्य में चुनाव जीते दो निर्दलीय विधायक राजेश जून और देवेंद्र ने हरियाणा के प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करने के बाद भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर दी। वहीं, हरियाणा से चुनाव जीती एक और निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल का समर्थन हासिल करने के लिए धर्मेंद्र प्रधान ने स्वयं उनके आवास जाकर उनसे मुलाकात की। धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के बाद सावित्री जिंदल ने भी भाजपा को समर्थन देने का ऐलान कर दिया। सावित्री जिंदल भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां हैं। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के आला नेताओं ने मुलाकात के दौरान नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला मंचन को मिला लोगों का प्यार





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में बुधवार को दसवें दिन के मंचन में प्रभु श्री राम चित्रकूट में माता जानकी का पुष्पों के द्वारा सुंदर श्रृंगार करते हैं। वहीं इंद्र का पुत्र जयंत आता है और प्रभु श्री राम को साधारण मानव जानकर माता जानकी के चरणों में कौवा का रूप धारण कर चोंच से प्रहार करने लगता है। माता जानकी के चरणों से रक्त निकलने लगता है यह देख प्रभु श्री राम क्रोधित हो जाते हैं। और एक तिनके को बाण का संधान करके जयंत के पीछे छोड़ देते हैं, और कहते हैं अब तू ब्रह्मा शंकर जी की शरण में भी जाएगा तो भी तेरे प्राणों की रक्षा नहीं होगी। जयंत बाण से भयभीत होकर अपने पिता इंद्र के पास गया। इंद्र ने क्रोधित होकर उसको डांटते हुए भगा दिया और कहा प्रभु श्री राम का विरोधी मेरा पुत्र नहीं हो सकता फिर जयंत दुखी होकर ब्रह्मा, शंकर जी की शरण में गया उन्होंने भी सहायता नहीं की। प्रभु श्री राम अत्री मुनि के आश्रम आए और अनुशीया के द्वारा सीता को पतिव्रता स्त्री का ज्ञान दिलाया। पंचवटी पर प्रभु श्री राम माता जानकी लखन के सहित निवास करने लगते हैं, वहीं पर स्वरूपणखा आती है और प्रभु श्री राम को देख समझ जाती है कि रावण से मेरा बदला यही शीला शख्स पुरुष ही ले सकता है और प्रभु को मोहित करने लगती है और विवाह का प्रस्ताव लेकर लखन के पास जाती है जिसे सुन लखन क्रोधित होकर उसके नाक और कान को काट देते हैं। (सूर्पनखा नासिक भांग), (सीता हरण), (राम सुग्रीव मित्रता) का मंचन देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो तालियां बजाने लगते हैं। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, बिना सेंगर, नितिन यादव, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, ऐम बी कौशिक, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, प्रिंस भारद्वाज ,शैलेंद्र शर्मा, विनोद आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतिम चरण में पहुंची सीबीएसई नार्थ जोन प्रथम कलस्टर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता-2024



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नार्थ जोन प्रथम कलस्टर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता-2024 अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। बुधवार को अंतिम राउंड के मुकाबले हुए। प्रतियोगिता की पांचों कैटेगरी 9 वर्ष, 9 से 11 वर्ष, 11 से 14 वर्ष, 14 से 17 वर्ष व 17 से 19 वर्ष में बुधवार को रोड स्केटिंग रेस का तीसरा व अंतिम राउंड हुआ जिसमें सभी खिलाडियों ने पूरा दमखम दिखाया। तीनों राउंडों में किए गए प्रदर्शन के आधार पर खिलाडियों ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सीबीएसई के आब्जर्वर ध्रुव सिंह ने बताया कि गुरुवार को प्रातः सभी कैटेगरी के सेमीफाइनल होंगे। उसके बाद सेमीफाइनल में विजयी होने वाले खिलाडियों के बीच फाइनल होगा। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. करुण गौड़ व प्रधानाचार्य अंजू के गौड़ ने बताया



कि प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाडियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों व युवाओं के बीच रोलर स्केटिंग के खेल की लोकप्रियता बढ़ाना है। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ ने सोमवार को किया था।

## चंद्रनगर श्री धार्मिक रामलीला में ताड़का वध की लीला का मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** चंद्रनगर में चल रही श्री धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला में तीसरे दिन ताड़का वध, सुबाहू व मारीच की लीला का मंचन किया गया। रामलीला कमेटी की महामंत्री रीता सिंह ने बताया कि रामलीला में हैप्पी चौधरी ने तड़का का अभिनय किया। राम का आरव ने, सीता का वैष्णवी ने मंच पर अभिनय किया। रामलीला के तीसरे दिन के मंचन में भगवान विष्णु के विराट रूप में माता कौशल्या को दर्शन देकर उन्हें पुत्र रूप में जन्म लेने का आशीर्वाद देते हैं। जब राजा दशरथ संतान ना होने के दुख से अधीर होकर महर्षि वशिष्ठ से इस दुख का निवारण पूछते हैं तो वशिष्ठ के सुझाव पर श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ के उपरांत राजा दशरथ को चार पुत्र प्राप्त हुए। जिनका नामकरण महर्षि वशिष्ठ ने राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के रूप में किया। अयोध्या में पुत्र जन्मोत्सव मनाया जाता है। उधर जंगल में राक्षसों के आतंक से परेशान गुरु विश्वामित्र राजा दशरथ से आग्रह कर राम लक्ष्मण को अपने साथ वन ले जाते हैं। जहां राम और लक्ष्मण रावण की बहन राक्षसी ताड़का व उसके पुत्र सुबाहू का वध कर वन में रहने वाले ऋषि-मुनियों को राक्षस के आतंक से मुक्ति दिलाते हैं। इन अवसर पर अध्यक्ष आरएस गुप्ता, महामंत्री रीता सिंह, संयोजक अनिल अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, मोनिका सिंह, मीनाक्षी सहगल, डॉ. ऋचा, गुप्ता, मीनू खनेजा, अनुपमा श्रीवास्तव, प्रवीण गुप्ता, पुष्कल सिंह, मुकेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## मोदीनगर में जंगली जानवर का आतंक, 5 लोग घायल

### महिला की हालत गंभीर, गांव में दहशत का माहौल; जंगल में मिला गीदड़ का शव





**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में मुरादनगर विकासखंड में जंगली जानवर का आतंक सैर चढ़कर बोल रहा है। सुबह के समय जंगली जानवर ने एक महिला सहित पांच लोगों पर हमला कर दिया। हमले में घायल बहन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गांव वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

गांव आरिफपुर बड़का गांव में सुबह छह बजे रोहताश की पत्नी मिथलेश (60) खेती के लिए जा रही थी। तभी उन पर खेत से अचानक निकले वन्यजीव ने हमला बोल दिया। उनके चेहरे और सीने को बुरी तरह से जख्मी कर दिया।

गांव के ही नेदान सिंह (65) ने बताया कि महिला की आवाज सुनकर वह बचाने के लिए दौड़े तो भेड़िए ने उन पर भी हमला कर दिया। उनके हाथ, पैर माथे पर गंभीर चोटें आईं हैं। ग्रामीण नरेंद्र कुमार ने बताया कि इसके बाद भेड़िए ने निजामुद्दीन (60) पर हमला बोल दिया और उनको काट लिया। इसी तरह उनके गांव के खेतों में ही नूरपुर निवासी जगतवीर को भी भेड़िए ने घायल कर दिया। इसके अलावा गांव गढ़ी के भी एक व्यक्ति को हमला करके घायल करने की बात कही। ग्रामीण नरेंद्र ने बताया कि गांव में शाम छह बजे से सुबह आठ बजे तक भेड़िए का आतंक रहा। मिथलेश को गंभीर अवस्था में मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भेड़िए की दस्तक के साथ आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।

क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सिंह बोले- पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भेड़ियों की आबादी नहीं है। भेड़िए तराई वाले स्थानों पर पाए जाते हैं। जिस जानवर ने लोगों पर हमला किया है, वह गीदड़ है। जंगल से एक गीदड़ का शव भी मिला है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नवरात्रि के अवसर पर अशोक श्रीवास्तव ने किया भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी अशोक श्रीवास्तव ने बुधवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसिद्ध देवी मंदिर नकटो भवानी मंदिर, ग्राम बेलसंड, गोपालगंज में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें भोजपुरी भाषा के विख्यात कवियों ने प्रतिभाग किया। भोजपुरी भाषा की गरिमा को बढ़ाने वाले इस कवि सम्मेलन का संचालन अंतर्राष्ट्रीय कवि तथा फिल्म इतिहासकार मनोज भावुक ने किया। वहीं हास्य के प्रसिद्ध कवि बादशाह प्रेमी, राजनलाल श्रीवास्तव, संजय मिश्र संजय, संतोष भोजपुरिया, कवयित्री निशा राय जी ने अपनी काव्य प्रस्तुति के माध्यम से श्रोताओं को तालियां बजाने पर विवश कर दिया।

देर रात तक चले इस आयोजन में अतिथि के रूप में राकेश पासवान (अध्यक्ष - नकटों भवानी देवी मंदिर समिति) उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अनिल सिन्हा समेत पत्रकारिता, राजनीति तथा समाजसेवा के क्षेत्र से अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मनोज भावुक ने किया।

## दुष्कर्म का आरोपी दरोगा गिरफ्तार

**लोनी, करंट क्राइम।** शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण करने वाले दरोगा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आरडीसी कट गाजियाबाद के पास जमानत की फिराक में घूम रहा था।

एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि तीन अक्टूबर को अंकुर विहार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने सचिन कुमार पर आरोप लगाय था कि वह उसे शादी का झांसा देकर 2016 से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। आरोपी सचिन का यूपी पुलिस में दरोगा के पद पर चयन हो गया था तथा वर्तमान में उसकी तैनाती लखनऊ में थी।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। आठ अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को आरडीसी कट गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके विरुद्ध संवैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## हुक्का



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम की बोर्ड बैठक में बजरंगी भईया का हुक्का छाया रहा। चौधराहट का अंदाज हुक्के की गुडगुडाहट के पार्षद सचिन डागर, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद विनय चौधरी, पार्षद हिमांशु चौधरी ने निगम में दिखाया। भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# नहीं देना होगा बढ़ा हुआ हाउस टैक्स

# ध्वनि मत से निगम सदन में गिरा प्रस्ताव

## निगम में हुई लंबी चर्चा पर महापौर और पार्षदों ने किया था हाउस टैक्स का विरोध

गौरव शशि नारायण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को नगर निगम के सदन में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। विभिन्न मुद्दों को लेकर बोर्ड बैठक रखी गई थी। बोर्ड बैठक में डीएम सर्किट रेट से संपत्ति कर वसूलने के प्रस्ताव को सदन ने भारी हंगामा के बीच हुई चर्चा के बाद प्रस्ताव को सदन ने खारिज कर दिया है। बढ़े हुए टैक्स से शहर के लोगों को फिलहाल राहत मिल गई है। नगर निगम में पुरानी दर को ही लागू करने की मांग की गई है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि बैठक के मिनट शासन को रिपोर्ट के माध्यम से भेजे जाएंगे। वर्तमान में गाजियाबाद में अभी तक 2.41 पैसे वर्ग फुट के हिसाब से टैक्स वसूला जा रहा है। डीएम सर्किल रेट के हिसाब से टैक्स बढ़ाने के लिए करीब 6 महीने पहले नगर आयुक्त की ओर से शासन को पत्र लिखकर अनुमति मांगी गई थी।

अनुमति मिलने के बाद नगर निगम के अधिकारियों की ओर से करीब चार रुपए वर्ग फुट के हिसाब से संपत्ति वसूली का प्रस्ताव सदन में लाया गया था जो बुधवार को खारिज कर दिया गया। नगर

### पहली बार निगम सदन में मौजूद रहे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा व विधायक अजीतपाल त्यागी

निगम मुख्यालय में बुधवार सुबह 11 बजे निगम की बोर्ड बैठक शुरू हुई। पार्षदों ने डीएम सर्किल रेट से हाउस टैक्स के बिल जारी करने का विरोध किया।

उन्होंने कहा कि डीएम सर्किल रेट के आधार पर हाउस टैक्स बढ़ाकर शहर की जनता पर चार गुना अतिरिक्त कर का बोझ पड़ेगा, जो सरासर गलत है। इस दौरान सभी ने एक सुर में कहा कि शहर की सभी संपत्तियों पर सही तरीके से टैक्स लगाकर वसूली नहीं की जा रही। कर निर्धारण करने वाले अधिकारियों से शपथ पत्र लिया जाए, ताकि कोई गड़बड़ी न हो। प्रस्ताव खारिज होने के बाद महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि डीएम सर्किल रेट की दर से जो लोग टैक्स जमा करा चुके हैं, उन्हें बढ़ी हुई टैक्स की राशि का समायोजन अगले साल के टैक्स में किया जाएगा।



### नगर आयुक्त ने गिनवाई विसंगतियां पर नहीं बन पाई बात

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सदन को अवगत कराया कि सदन के निर्णय को शासन में भेजा जाएगा। टैक्स को लेकर नया पोर्टल तैयार कराया जा रहा है। पोर्टल पर टैक्स संबंधित अपडेट जानकारी रहेगी। इसके बाद किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी। साल 2013 से हाउस टैक्स निर्धारण में विसंगतियां थी जिन्हें दूर किया जा रहा है। शहर की 18 सड़कों के पास ही चार गुना टैक्स निर्धारित किया जाना था। मलिन बस्ती के साथ कई जगह हाउस टैक्स में कमी आती। नगर आयुक्त ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के लिए सरकार से अतिरिक्त धनराशि तभी मिलती है जब 25 प्रतिशत से अधिक टैक्स वसूला जाए। हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर सदन में बुधवार को पार्षदों महापौर और सदन ने आपत्ति जताई और हाउस टैक्स बढ़ाने के लिए जो प्रस्ताव लाया गया उसे खारिज कर दिया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया कि 619 आपत्तियां इस दौरान आई थी।

### माय जीएनएन पोर्टल से टैक्स कलेक्शन का फॉर्मेट बनेगा




करंट क्राइम। भले आगामी विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए बुधवार को बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्व सहमति से खारिज कर दिया गया हो लेकिन माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए ऐसा निर्णय लिया गया है। उधर नगर निगम के नगर आयुक्त द्वारा जानकारी दी गई है कि टैक्स की कैलकुलेशन को ठीक करने के लिए और इसमें किसी प्रकार की हेरा-फेरी को रोकने के लिए भविष्य में निगम माय जीएनएन पोर्टल के जरिए काम कराए जाने की जानकारी दी गई है।



### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का पहली बार निगम सदन पहुंचने पर हुआ स्वागत

करंट क्राइम। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के साथ नगर निगम की बोर्ड बैठक में पहली बार पहुंचे थे। यह पहला अवसर था जब कैबिनेट मंत्री बनने के बाद सुनील शर्मा नगर निगम के सदन में गए। सदन में पहुंचते ही सभी पार्षदों, पदाधिकारियों और अधिकारियों ने उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, सम्मान में खड़े हुए। नगर निगम की बोर्ड बैठक वंदे मातरम के साथ शुरू की गई।

### पार्षद प्रवीण चौधरी ने सबसे पहले खड़े होकर हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी पर जताया था विरोध



करंट क्राइम। नगर निगम में बोर्ड बैठक की शुरूआत हुई तो सबसे पहले प्रस्ताव के रूप में संपत्ति कर बढ़ोत्तरी पर चर्चा शुरू हुई। जैसे ही संपत्ति कर बढ़ोत्तरी पर चर्चा शुरू हुई तो नगर निगम में सबसे पहले सीनियर पार्षद प्रवीण चौधरी ने बढ़ोत्तरी नहीं किए जाने की घोषणा की। वे खड़े हो गए, इसके बाद पार्षद राजीव शर्मा और गौरव सोलंकी ने भी प्रवीण चौधरी के सुर में सुर मिलाते हुए कर बढ़ोत्तरी के मुद्दे को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया और इसका विरोध किया। इसके साथ ही प्रवीण चौधरी ने कई अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों पर नगर निगम की बोर्ड बैठक में अपनी आवाज बुलंद की।

### गौरव सोलंकी ने कई महत्वपूर्ण मामलों पर रखी बेबाकी से बात



करंट क्राइम। गौरव सोलंकी ने कहा कि जो लोग नोटिस देने पहुंचते हैं वह पैसा जमा कर लेते हैं और सेटिंग करते हैं। उन्होंने मेयर से कहा कि कई ऐसी प्रॉपर्टी हैं जहां बढ़ा हुआ टैक्स ले लिया गया है, उनका क्या होगा। तो महापौर ने कहा कि जो बढ़ा हुआ शुल्क ले लिया गया है उसे आगे एडजस्ट करवाया जाएगा। वहीं पार्षद गौरव सोलंकी ने महापौर सुनीता दयाल से कहा कि पिछले दिनों आपने मॉल, स्टोर और कई स्थानों पर टैक्स चोरी को लेकर निरीक्षण किया था उन पर क्या कार्रवाई हुई। वहीं दुबई मॉल के मामले को लेकर भी टैक्स चोरी और अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। इसके साथ ही गौरव सोलंकी ने द विंटेज पैलेस पर 18 लाख टैक्स होना चाहिए था जबकि केवल 3 लाख ही का टैक्स लगाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पार्षदों को दूर रखा जाता है।

### टैक्स चोरी करने वालों को मेयर की चेतावनी कहा करवा ले कहीं और तबादला



करंट क्राइम। पार्षद राजीव शर्मा ने कहा कि उनके पास कुछ ऐसे दस्तावेज हैं जिसमें टैक्स चोरी की साफ-साफ झलक नजर आ रही है। उन्होंने खुलकर आरोप लगाया कि असबर ऑटो को नगर निगम ने केवल 25 लाख रुपए का टैक्स लगाया। जबकि यहां का मूल्यांकन 83 लाख रुपए होना चाहिए था। इसके साथ ही राहुल पैलेस जो कमर्शियल एरिया में है जबकि इसको आवासीय दिखाकर यहां टैक्स में चोरी की गई है। इसके साथ ही उन्होंने जीडी गोयनका स्कूल में तीन गुना कर लगने की बात की और कहा कि यहां एक गुना ही कर लगाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने बिना किसी का नाम लिए एक 10 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का आरोप लगाया और मेयर को गोपनीय पत्र भी सौंपे। सदन में यह सब चल रहा था कि इतना सुनने पर मेयर ने माइक संभाला और कहा कि टैक्स चोरी करने वाले किसी भी स्तर के अधिकारियों को उनकी खुली चेतावनी है कि अगर टैक्स चोरी करने वाले अधिकारी ने यहां यह सब करना चाहा तो वह उसकी पोस्टिंग कहीं और करवा देगी या वह खुद कहीं और तबादला करवा ले।

### पार्षद राजीव शर्मा ने पूछा पेंटिंग पर कितना बजट किया गया है खर्च

करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान पार्षद राजीव शर्मा ने अधिकारियों और महापौर से पूछा कि शहर में जो जगह-जगह सुंदर पेंटिंग नजर आती है, उसके लिए कितना रुपए खर्च किया गया है और कितना बजट मिला था।

### पार्षद राजीव शर्मा ने की असेसमेंट रजिस्टर की मांग

करंट क्राइम। नगर निगम में जोरदार आवाज बुलंद करने वाले पार्षद राजीव शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों से असेसमेंट रजिस्टर की मांग की। उनका दावा था कि पिछले डेढ़-दो साल से असेसमेंट रजिस्टर पर कोई काम नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से तमाम तरीके की आपत्ति रहती हैं। उन्होंने कहा असेसमेंट रजिस्टर होगा और तो सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी। जो काम करवायेगा उससे एफिडेविट लिए जाएं ताकि अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय हो और भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके।



### सिटी जोन के जैडो नहीं दे पाए कोई जानकारी

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल ने सदन में मंच से कहा कि जब पार्षदों द्वारा यह आरोप लगाए गए तो नगर आयुक्त ने सिटी जोन के जैडो को सामने खड़ा कर दिया, लेकिन जैडो इस पूरे मामले में कोई कार्रवाई नहीं बता पाए। साथ ही जो आरोप लग रहे थे वह उस पर जवाब नहीं दे पा रहे थे। इस दौरान पार्षदों ने यह भी बताया कि 5 लाख रूपये से ऊपर के टैक्स में बदलाव या किसी प्रकार की राहत देने के लिए नगर आयुक्त के साइन और नोटिस की आवश्यकता पड़ती है।

### जमकर उठी जोनल चेयरमैन की मांग

करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक में हंगामें और विकास कार्यों से लेकर अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई, तो इस दौरान जोनल चेयरमैन की मांग जमकर उठी। पार्षद मनोज त्यागी ने टैक्स चोरी का आरोप लगाया, तो उन्होंने कहा कि जिस तरीके से अधिकारियों द्वारा गलत सीवर और एक सीवर में दूसरा सीवर जोड़ा गया है यह ठीक नहीं है। इस पर अधिकारियों ने जीएम जल-कल से पूरे मामले में सवाल तलब किए हैं। इस दौरान नगर निगम के तमाम पार्षदों ने नगर निगम में जोनल चेयरमैन की व्यवस्था शुरू किए जाने की मांग बुलंद की और जमकर कई मुद्दों को लेकर विरोध भी दर्ज कराया। वहीं पार्षद विनय चौधरी ने भी जोनल चेयरमैन की मांग उठाई। इसके साथ ही पार्षद अजय शर्मा और वीरेंद्र त्यागी ने भी जोनल चेयरमैन के मुद्दे को लेकर अपना पक्ष रखा और इसे नगर निगम के लिए बेहद आवश्यक बताया।



### नगर आयुक्त ने कहा सीआईएसफ का नहीं मिला सर्विस चार्ज और हिंडन एयरपोर्ट पर बकाया है 25 करोड़



करंट क्राइम। नगर निगम की बुधवार को बोर्ड बैठक थी। नगर निगम को जहां शहर के विकास के लिए बड़े फंड की आवश्यकता है। तो वहीं टैक्स बढ़ोत्तरी न होने को लेकर अधिकारियों द्वारा कई तर्क भी दिए गए। इस दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम अधिकारियों और पार्षदों के साथ ही महापौर को अवगत कराने का काम किया कि सीआईएसएफ का सर्विस चार्ज आज तक निगम को नहीं मिला है। जो एक बड़ी अमाउंट हो सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हिंडन एयरपोर्ट पर अभी 25 करोड़ रुपए बकाया है। जो नगर निगम को मिले तो इससे तमाम विकास कार्य, शहर के सुधार और सुंदरता के लिए कराये जा सकते हैं।

### मंत्री सुनील शर्मा ने उठाया महिलाओं के हक का मुद्दा



करंट क्राइम। बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नगर निगम के सदन में मौजूद थे। उन्होंने अपनी बात रखी और जाने से पूर्व मंच से एक बात कह गए कि यहां जो महिलाएं पार्षद हैं, उनको भी बात रखने का मौका दिया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के आरक्षण की पक्षधर है। तो नगर निगम के सदन में भी महिलाओं को अपनी आवाज बुलंद करने और समस्या उठाने के लिए मौका दिया जाना चाहिए।

### पार्षद ओम प्रकाश ने लगाया निगम में इंस्पेक्टर राज चलने का आरोप



करंट क्राइम। बुधवार को हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक के दौरान पार्षद ओम प्रकाश ने नगर निगम में तमाम तरह की अनियमितताएं होने और काम को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के समक्ष यह भी कहा कि नगर निगम में इंस्पेक्टर राज चल रहा है। इसको लेकर महापौर और नगर आयुक्त ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, जो परेशानी और समस्याएं हैं उन्हें बताएं, उनका निदान कराया जाएगा।





### सचिन डागर बोले ई-रिक्शा का टैक्स फ्री हो



करंट क्राइम। नदियापार के भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख पार्षदों में शामिल सचिन डागर का कहना है कि नगर निगम द्वारा ई-रिक्शा पर कोई टैक्स नहीं वसूल जाना चाहिए। एक तरफ सरकार और जनप्रतिनिधि गरीबों और असहाय लोगों को ई-रिक्शा वितरित करते हैं। उनकी आजीविका का स्त्रोत बताते हैं और दूसरी तरफ उस पर टैक्स लगाया जाना ठीक नहीं है। वहीं पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि नगर निगम को चाहिए कि वह ई-रिक्शा को लेकर टैक्स न लगाया जाय। नगर निगम की ओर से फ्री चार्जिंग और खड़े करने के लिए स्थान भी तय किया जाए। वहीं पार्षद संतोष सिंह ने कहा है कि विजयनगर में पार्क के नाम पर ई-रिक्शा चार्जिंग स्थल जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुआ था, उसको भी शुरू कराया जाना चाहिए।

### चुनावी लॉलीपॉप बंन कर ना रह जाए हाउस टैक्स का मामला



गाजियाबाद करंट क्राइम। बुधवार को सुबह 11 बजे से नगर निगम की बोर्ड बैठक शुरू हुई थी। बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहली बार पहुंचे थे और उनका यहां महापौर, नगर आयुक्त और मौजूद पार्षदों ने खड़े होकर स्वागत किया। इस दौरान मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी शामिल रहे। करीब 5 घंटे तक चली इस बैठक में कुल 47 प्रस्ताव रखे गए थे जिसमें 46 प्रस्ताव पास हो गए हैं। इस दौरान मंत्री सुनील शर्मा ने निगम की आय बढ़ाने के साथ ही नगर निगम और शहर हित में शासन से हर संभव प्रयास करने की बात कही। उधर नगर निगम में हाउस टैक्स के प्रस्ताव को सर्व सहमति से खारिज करने के बाद चर्चा शुरू हो गई है कि कहीं चुनावी लॉलीपॉप बनकर हाउस टैक्स वाला मामला न रह जाए। वर्तमान में गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती थी कि किसी तरीके से लोगों पर टैक्स का अतिरिक्त बोझ पड़े और वह भाजपा से नाराज हो जाये। इसीलिए कहा जा रहा है कि भाजपा संगठन और नगर निगम की महापौर और पार्षदों ने यह फैसला किया है।

### पार्षदों ने बंद कर दिया नरेश जाटव का टेप से मुंह



करंट क्राइम। नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षद नगर निगम नरेश जाटव का भारतीय जनता पार्टी के कुछ पार्षदों ने मुंह में टेप लगाकर रोक दिया। हालांकि यह एक हंसी का माहौल था, पर कुछ देर के लिए सभी की निगाहें इस सीन पर अटक गई थी।

### पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन का निगम करें संचालन : पार्षद संजय सिंह



करंट क्राइम। इंदिरापुरम के शिप्रा इलाके के वार्ड 100 से पार्षद संजय सिंह ने कहा है कि पूर्वांचल और उत्तरांचल भवन लीज पर न देकर नगर निगम इसका खुद संचालन करें ताकि इसका सही उपयोग हो सके और सही हाथों में इसको सौंपा जाए।





### पार्षद विनय चौधरी और श्रीभगवान ने रखी डेल्टा कॉलोनी की समस्या

करंट क्राइम। पार्षद विनय चौधरी ने ब्रिज विहार नाले की गंदगी और यहां से निकलने वाली जहरीली गैस, गंदगी के बारे में जानकारी दी और कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी इस क्षेत्र के विधायक है, जहां का यह पूरा मामला है। यहां का मामला कई बार एनजीटी में भी जा चुका है, तो उधर डेल्टा कॉलोनी से ही जुड़े पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने साफ पानी नहीं मिलने की समस्या, 12 एमएलडी की पाइपलाइन वाली समस्या को भी रखा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यहां उनके वार्ड में 20 कर्मचारी हैं, जिसमें 15 ही रहते हैं। कुछ लोग रिटायर हो गए हैं, कई लोग इधर-उधर ड्यूटी पर रहते हैं। जिससे सफाई प्रभावित हो रही है, उनके वार्ड में 8 से 9 कर्मचारी ही रह गए हैं।

## संपादकीय

# युद्ध के जोखिम

हमास के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम ह्यआयरन डोमह्न को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं।

**गाजा, लेबनान, ईरान :** गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

**अगले कदम का सस्पेंस :** कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं क्योंकि यह मकसद ऐसा है नहीं, जो एक हमले में हासिल हो जाए।

**क्या है खतरा :** ऐसा कोई भी हमला ईरान को नुकसान चाहे जितना पहुंचा दे, पर उसके सभी भूमिगत परमाणु ठिकानों को नष्ट कर देगा, ऐसा नहीं माना जा सकता। दूसरी बात यह कि इस तरह के हमले के बाद वहां प्रतिक्रियावादियों का प्रभाव और ज्यादा बढ़ जाएगा। कोई भी लंबा युद्ध तेल कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ ऐसे कई साइडइफेक्ट्स लाएगा जिससे पूरी दुनिया त्रस्त होगी।

**नुकसान कम नहीं :** एक साल लंबे इस संघर्ष ने खुद इस्राइल को भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। जनहानि को फिलहाल एक तरफ कर दें तो भी जीडीपी ग्रोथ नीचे ही जा रही है, हाल ही में दो रेटिंग एजेंसियों झ्र मूडी और स्टैंडर्ड एंड पुअर्स झ्र ने उसकी क्रेडिट रेटिंग कम कर दी है। यह भी नहीं माना जा सकता कि वह पहले के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित है। इस्राइल और इस्राइलियों की असली सुरक्षा मिसाइल हमलों की आशंका दूर करने में नहीं, गुरिल्ला लड़ाकों का खतरा टालने में है, जिसके सूत्र फलस्तीनियों के साथ बेहतर और मानवीय व्यवहार में हैं। लेकिन यह बात इस्राइली नेतृत्व को बताए कौन?

# यूपीआई 123पे और यूपीआई लाइट को लेकर आरबीआई ने की नई घोषणा, बढ़ी लेनदेन की लिमिट



**नई दिल्ली।** देश में यूपीआई सर्विस को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को यूपीआई 123पे और यूपीलाई लाइट को लेकर नई घोषणा की। आरबीआई ने यूपीआई लाइट की वॉलेट लिमिट को बढ़ाकर अब 5 हजार रुपये कर दिया है। पहले यह लिमिट 2 हजार रुपये थी। प्रति लेनदेन की लिमिट को भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1 हजार रुपये कर दिया गया है। रिजर्व बैंक ने यूपीआई123पे के लिए प्रति लेनदेन की लिमिट को अब 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया है। यूपीआई123पे को मार्च 2022 में लॉन्च किया गया था। यह सुविधा अब 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। इस सुविधा का इस्तेमाल अब एक बड़े यूजर ग्रुप के जरिए किया जा सकेगा। भारत में वर्ल्डलाइन के मुख्य वितरण एवं परिचालन अधिकारी रामकृष्णन राममूर्ति का कहना है, ̄हर व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने के लिए यूपीआई की क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। यूपीआई 123पे और यूपीआई लाइट की पहुंच बढ़ी है और इसे स्वीकार्यता भी मिल चुकी है। ऐसे में लेन-देन की लिमिट बढ़ाना एक सकारात्मक कदम है। इससे लेन-देन की वैल्यू बढ़ाने में मदद मिलेगी। फेडरल बैंक के समूह अध्यक्ष और सीएफओ वेंकटरमन वेंकटेश्वरन ने कहा कि यूपीआई लाइट वॉलेट के लिए प्रति लेनदेन सीमा में वृद्धि एक स्वागत योग्य कदम है। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय का ऐलान किया गया। देश के केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने की घोषणा की। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने जानकारी दी कि मौद्रिक नीति समिति के छह में से पांच सदस्य रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने के पक्ष में थे। वेंकटेश्वरन ने आगे कहा, आरबीआई ने रेपो दर को उसी स्तर पर बनाए रखा और रुख को बदलकर न्यूट्रल कर दिया, जो काफी हद तक आम सहमति के अनुरूप था। विकास और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन अच्छी तरह से बना हुआ है और यह रुख बदलने का संकेत था।

## दशहरा-दिवाली की खुशी पर भारी पड़ी महंगाई

### 100 रुपये/किलो टमाटर, होम लोन ईएमआई में कमी नहीं



**नई दिल्ली।** दशहरे-दिवाली जैसे त्योहारों की खुशी पर महंगाई की मार भारी पड़ रही है। इन त्योहारों में एक तरफ प्रतिदिन के उपयोग की सभी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि से लोग परेशान हैं तो उधर रिजर्व बैंक ने भी लगातार दसवीं बार रेपो रेट की दरों में कोई परिवर्तन न कर यह बता दिया है

**पेट भरने में जा रहा वेतन :** इस समय सब्जी-दाल से लेकर तेल-मसाले तक की हर वस्तु की कीमत बहुत ऊंची बनी हुई है। टमाटर खुदरा बाजार में 100 से 120 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। आलू का नया सीजन आ गया है, लेकिन आलू की कीमतों में अभी भी कोई कमी नहीं आई है। इसकी कीमतें अभी भी 30 से 40 रुपये किलो पर बना हुआ है। दाल की कीमतें 160-180 रुपये प्रति किलो पर बनी हुई है। आटा बढ़कर 35 से 40 रुपये किलो हो गया है। यानी आम लोगों के लिए अपनी थाली में दोनों समय का भोजन जुगाड़ करना भी भारी पड़ रहा है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा पेट भरने में चला जा रहा है और वे कोई बचत नहीं कर पा रहे हैं।

**होम लोन से छुटकारा नहीं :** बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 में रेपो दरों में लगातार वृद्धि करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत पर कर दिया था। तभी से लोगों की ईएमआई बढ़ गई है। अलग-अलग होम लोन की राशि के अनुसार लोगों को हर महीने दो हजार से दस हजार रुपये अतिरिक्त चुकाना पड़ रहा है। सभी होम लोन देने वाले बैंकों ने या तो लोगों की प्रति माह जाने वाली ईएमआई बढ़ा दी है।

## राशिफल

**मेष:** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन:** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क:** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या:** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला:** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक:** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु:** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर:** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ:** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

पप्पू- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है?
चप्पू- नहीं यार तुम ही बता दो!
गप्पू- मुझे पता है मैं बताता हूं!
गप्पू- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें

---

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर - वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

---

हसबैंड - डार्लिंग तुम खुबसूरत होती जा रही हो,
पत्नी किचन से- तुमने कैसे जाना ?
हसबैंड- तुम्हें देखकर तो अब रोटियां भी जलने लगी हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक वर्ष में इंसान औसतन 50 लाख बार सांस लेता है।
- मानव शरीर की त्वचा से प्रतिदिन 10 बिलियन उत्तक/कोशिकाएं गिरती हैं।
- जन्म के समय मानवीय शरीर में 300 हड्डियां होती हैं. व्यस्क होने तक शरीर में 209 हड्डियाँ रह जाती हैं।
- औसत HB पेंसिल 35 मील लम्बी लकीर खींच सकती है और 50,000 शब्द लिख सकती है।
- आपके शरीर की एक चौथाई हड्डियां आपके पैरों में होती हैं।
- औसतन आदमी अपनी पूरी जिन्दगी के दो हफ्ते रेड ट्रैफिक सिग्नल को ग्रीन होने के इंतजार में व्यतीत करता है।
- अजवाइन को खाने में इतनी कैलोरी लगती है जितनी अजवाइन में भी नहीं होती।
- एक गधा रेत के दलदल में डूब सकता है परन्तु एक खच्चर नहीं.
- सबसे बड़ा हिमपात खंड (बर्फ गिरते समय बर्फ का टुकड़ा या फाहा) 15 इंच चौड़ा और 8 इंच मोटा था।
- कोड़े की नोक की गति इतनी तेज होती है कि इसकी आवाज किसी छोटे सुपरसोनिक बूम जैसी होती है।

# भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 167 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दोनों मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स 167 अंक या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,467 और निफ्टी 31 अंक या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,981 पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों के गिरावट में बंद होने के बाद भी बाजार का रुझान सकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,706 शेयर हरे निशान में, 1,246 शेयर लाल निशान में और 97 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। कारोबार के अंत में बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 462 लाख करोड़ रुपये था, जो मंगलवार को 459 लाख करोड़ रुपये था। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, एसबीआई, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, विप्रो, पावर ग्रिड, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस टॉप गेनर्स थे। आईटीसी, नेस्ले, एचयूएल, रिलायंस, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स और जेएसडब्ल्यू स्टील टॉप लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में अधिक तेजी थी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 566 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,102 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 246 अंक या 1.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,864 पर बंद हुआ। निफ्टी में ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, रियल्टी और मीडिया सबसे अधिक बढ़ने वाला इंडेक्स था। एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक दे के मुताबिक, निफ्टी ने बढ़त के साथ शुरूआत की, लेकिन बढ़त बनाए नहीं रख पाया, जिससे यह कमजोर बंद हुआ। अगर निफ्टी 24,940 के स्तरों पर टिका रहता है तो तेजी जारी रह सकती है। वहीं, अगर यह 24,940 के स्तरों के नीचे चला जा सकता है तो इसमें गिरावट आ सकती है। यह 24,800 और 24,700 तक फिसल सकता है। वहीं, 25,100 एक रुकावट का स्तर है।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# जितने शतक कोहली ने छह साल में लगाए उतने रूट ने आठ महीने में ही जड़ दिए








**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में शतक जड़ दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 35वां शतक रहा। इस शतक के साथ रूट ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह जहां टेस्ट में इंग्लैंड के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए, वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। रूट का टेस्ट में शानदार फॉर्म जारी है और फैंस तो यह तक कयास लगा रहे हैं कि वह महान सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन के रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे।

रूट ने 2024 में आठ महीने के अंदर पांच टेस्ट शतक लगा दिए हैं। इस सफर की शुरूआत भारत के खिलाफ फरवरी में रांची में 122 रन की नाबाद पारी से हुई थी। इसके बाद उन्होंने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में 122 रन, श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में लॉड्र्स की दोनों पारियों में 143 और 103 रन बनाए थे। वहीं, विराट के पिछले पांच टेस्ट शतक की बात करें तो उन्होंने दिसंबर 2018 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 123 रन की पारी खेली थी। फिर अक्तूबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन, नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 136 रन की पारी खेली थी। फिर मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में 186 रन और जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वींस पार्क ओवल में 121 रन बनाए थे। यानी छह साल में विराट ने पांच शतक लगाए, जबकि रूट ने एक साल के अंदर इतने शतक जड़ दिए।

रूट का यह 35वां टेस्ट शतक रहा। वह इंग्लैंड के सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं, ओवरऑल वह छठे स्थान पर हैं। सचिन तेंदलुकर 51 शतक के साथ शीर्ष पर हैं। जैक कैलिस 45 शतक के साथ दूसरे, रिकी पोंटिंग 41 शतक के साथ तीसरे, कुमार संगकारा 38 शतक के साथ चौथे और राहुल द्रविड़ 36 शतक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। रूट ने मुल्तान टेस्ट में शतक लगाकर महान सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा, महेला जयवर्धने और यूनिस खान को पीछे छोड़ दिया। इन चारों ने 34-34 शतक लगाए थे।

इतना ही नहीं घर से बाहर सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने वाले इंग्लिश बल्लेबाजों में रूट एलिस्टेयर कुक के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम इंग्लैंड से बाहर 14 टेस्ट शतक हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व क्रिकेटर केन बैरिंग्टन की बराबरी की। वहीं, कुक ने घर से बाहर 18 टेस्ट शतक लगाए थे। इस साल टेस्ट में रूट ने 12 मैचों की 21 पारियों में 1100 से ज्यादा रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 61.38 का रहा है। पांच शतक के अलावा उन्होंने चार अर्धशतक लगाए हैं। इस कैलेंडर ईयर में श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस ने उनके बराबर टेस्ट शतक लगाए हैं। मेंडिस ने भी पांच शतक जड़े हैं। उन्होंने सात टेस्ट की 12 पारियों में 94.30 की औसत से 943 रन बनाए हैं। मेंडिस के नाम पांच शतक के अलावा तीन अर्धशतक भी हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल इस साल टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने आठ टेस्ट की 15 पारियों में 66.35 की औसत से 929 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और छह अर्धशतक लगाए। विराट कोहली इस लिस्ट में काफी पीछे हैं। कोहली ने इस साल तीन टेस्ट की छह पारियों में 31.40 की औसत से 157 रन बनाए हैं। इनमें एक भी शतक और अर्धशतक शामिल नहीं है।

रूट ने टेस्ट में 2013 से लेकर 2020 तक 17 शतक लगाए थे, जबकि 2021 से लेकर 2024 में अब तक 18 शतक लगा लिए हैं। अभी यह साल खत्म नहीं हुआ है। रूट ने टेस्ट में एक कैलेंडर ईयर में पांच या इससे ज्यादा शतक लगाने का कारनामा तीसरी बार किया है। इस मामले में उन्होंने जैक कैलिस और स्टीव स्मिथ की बराबरी की। एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा बार पांच या इससे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने का रिकॉर्ड मैथ्यू हेडन और रिकी पोंटिंग के नाम हैं। इन दोनों ने पांच-पांच बार ऐसा किया है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर दुनिया के हर उस कोने में टेस्ट शतक जड़ा है, जहां उन्होंने चार या इससे ज्यादा टेस्ट खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया में रूट ने 14 टेस्ट खेले हैं और एक भी शतक नहीं लगाया है।

# भारतीय महिला टेबल टेनिस ने रचा इतिहास, साउथ कोरिया को हराकर पक्का किया मेडल




**नई दिल्ली।** भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। जहां भारत की टीम ने सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट टीम साउथ कोरियाई टीम को मात देकर मेडल पक्का कर लिया है। भारतीय महिला टीम ने कोरियाई महिलाओं को 3-2 की बढ़त से हराया। बता दें कि, कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 का आयोजन हो रहा है। वहीं भारत ने इस प्रतियोगिता में अपना पहला पदक पक्का कर लिया है। इस जीत में अहिका मुखर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई।


वहीं बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भारतीय महिला टीम का मुकाबला जापान से होगा। जापानी खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में सिंगापुर को 3-0 से हराया।

अयहिका और मनिका बत्रा ने अपने-अपने मुकाबलों में करीबी मुकाबले में जीत दर्ज करने के बाद भारत को मुकाबले में 2-0 की बढ़त मिल गई। जहां बंगाल के पैडलर ने शिन युबी को 11-9, 7-11, 12-10, 7-11, 11-7 से हराया, वहीं दिल्ली की खिलाड़ी ने जियोन जिही को 12-14, 13-11, 11-5 से हराया। 5-11, 12-10।

हालांकि, कोरिया ने स्कोरलाइन संतुलित करने के लिए संघर्ष किया। चोट से वापसी के बाद अपना दूसरा प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट खेल रही श्रीजा अकुला को ली यून्हे ने 0-3 से हरा दिया। तो युबिन ने इसके बाद करीबी मुकाबले में मनिका को 3-2 से हरा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने दो गेम की हार से उबरने के लिए संघर्ष किया, लेकिन आखिर में पिछड़ गए।

फिर फाइनल मैच में जिही के खिलाफ लगातार तीन गेम जीतकर अयहिका ने भारत को इस मुकाबले में बचाया और एक शानदार जीत दिलाई।

# दीपा कर्माकर के संन्यास लेने के फैसले से हैरान हुए खेल मंत्री मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखा और उनके खेल से संन्यास लेने के फैसले पर हैरानी जताई। रियो ओलंपिक 2016 में प्रभावित करने वाली दीपा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। 31 वर्षीय दीपा ओलंपिक में शामिल होने वाली भारत की पहली महिला जिम्नास्ट थीं। वह बेहद कम अंतर से पदक लाने से चूक गई थीं और चौथे स्थान पर रही थीं।

### पदक से चूकने के बावजूद दीपा ने किया था प्रभावित

दीपा रियो ओलंपिक 2016 में सिर्फ 0.15 अंक से कांस्य पदक जीतने से चूक गई थी और चौथे स्थान पर रही थीं। दीपा भले ही पदक नहीं ला सकी थीं, लेकिन उनका यह प्रदर्शन भी ऐतिहासिक रहा था। दीपा की उपलब्धि इसलिए बड़ी थी क्योंकि 1960 के दशक के बाद भारत के किसी खिलाड़ी ने ओलंपिक में जिम्नास्टिक में शिरकत की थी। दीपा प्रोडूनोवा वॉल्ट में शिरकत करती थीं जिसे काफी मुश्किल माना जाता है। दीपा जिम्नास्टिक इतिहास में प्रोडूनोवा वॉल्ट करने वाली पांच महिला जिम्ननास्ट में से एक हैं।

मांडविया ने दीपा को पत्र में लिखा, मुझे जिम्नास्टिक्स से आपके संन्यास लेने के बारे में पता चला। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। आपके जिम्नास्टिक का सफर मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुआ। यह अत्यंत ही प्रेरणादायक रहा है। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और देश को गौरवान्वित किया। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होना आपके अद्वितीय योगदान का प्रमाण है।

खेल मंत्री ने कहा कि पूरे देश को दीपा पर गर्व है जो काफी कठिन प्रोडूनोवा वॉल्ट को नियमित रूप से कर लेती हैं। मांडविया ने कहा, आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है विशेष रूप से प्रोडूनोवा वॉल्ट में आपका प्रदर्शन अद्वितीय रहा है। आपकी उपलब्धियों ने न केवल खेल प्रेमियों को प्रेरित किया है बल्कि विशेष रूप से हमारी बेटियों को भी खेलों में अपने सपनों को साकार करने का साहस प्रदान किया है।

# सपा ने छह उम्मीदवारों की घोषणा की करहल से तेज प्रताप यादव मैदान में



**लखनऊ।** यूपी में विधानसभा उपचुनाव के लिए सपा ने छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। करहल सीट पर तेज प्रताप यादव चुनावी मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी ने यूपी में होने वाले उपचुनाव के लिए छह सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने करहल विधानसभा सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया है।

इस सीट से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव विधायक चुने गए थे पर सांसद बनने के बाद सीट खाली हो गई थी। इसी तरह सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया गया है।

### 10 विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

यूपी की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होगा जिसके लिए सभी दलों ने तैयारियां कर ली हैं। सपा के चार और सीटों पर प्रत्याशी घोषित न करने को कांग्रेस के साथ गठबंधन की बात कही जा रही है। बता दें कि उपचुनाव में कांग्रेस ने सपा से पांच सीटों की मांग की थी लेकिन छह सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने से यह साफ है कि सपा ने कांग्रेस का फॉमूर्ला मानने से इनकार कर दिया है।

### भाजपा ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर किया मंथन

उपचुनाव की तैयारियों के मद्देनजर सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भाजपा कोर कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें नौ सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर मंथन हुआ। बैठक में सभी नौ सीटों के लिए कुल 27 नामों के पैनल को फाइनल किया गया था। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल की मौजूदगी में एक घंटे से अधिक समय तक बैठक चली थी। इसमें टिकट के सभी दावेदारों के नामों पर चर्चा हुई। उम्मीदवारों के नाम के अलावा बैठक में उपचुनाव में प्रचार अभियान व अन्य तैयारियों, सदस्यता अभियान के साथ ही सरकार और संगठन के बीच समन्वय को और बेहतर करने पर भी चर्चा हुई थी।

## बाधाओं से लड़ने की जब भी जरूरत होगी, मेरे वंश का इतिहास मुझे प्रेरणा देता रहेगा : मनीष सिसोदिया

**चित्तौड़गढ़ ।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया बुधवार को चित्तौड़गढ़ में थे। सिसोदिया ने यहां पर अपनी कुलदेवी बाण माता के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद थे। मनीष सिसोदिया ने मीडिया से कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं यहां आया हूं। मेवाड़ और चित्तौड़गढ़ हमें बचपन से ही प्रेरणा देता रहा है। मेरा जन्म पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक गांव में हुआ था। वहां हम कहानियां पढ़-पढ़कर बड़े हुए थे। मेवाड़ और चित्तौड़गढ़ का इतिहास हमें प्रेरणा देने का काम करता रहा है। बाधाओं से लड़ने की जब भी जरूरत होगी, मेरे वंश का इतिहास मुझे प्रेरणा देता रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी तैयारी के बारे में पूछे जाने पर दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, आम आदमी पार्टी ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ईमानदारी से काम किया है। अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी और उनके काम की छवि काफी अच्छी है। हालांकि, भाजपा ने इस छवि पर चोट करने के लिए झूठे केस बनाकर कोशिश की, लेकिन वे कामयाब नहीं हो पाए। बता दें कि दिल्ली में अगले साल जनवरी-फरवरी में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। यह चुनाव आप के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी का खाता भी नहीं खुला है जबकि केजरीवाल ने वहां भी दिल्ली मॉडल पर वोट मांगा था। केजरीवाल ने हरियाणा की हार से सबक लेते हुए मंगलवार को सभी पार्षदों की बैठक बुलाई थी। बैठक में केजरीवाल ने सब से एकजुट होने की अपील की थी। केजरीवाल ने कहा था, रजितने झगड़े करने हैं वह चुनाव के बाद कर लेना। चुनाव तक सभी को एकजुट रहना है। चुनाव को हल्के में नहीं लेना है क्योंकि अति आत्मविश्वासी होना आगे घातक साबित होता है। हर चुनाव कठिन होता है।



# झारखंड के विधानसभा चुनाव में दिखेगी नारी शक्ति, पिछले चुनाव में 10 सीटों पर मिली थी जीत



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के रणक्षेत्र में इस बार भी महिला प्रत्याशियों का दम दिखेगा। अब तक जो तस्वीर सामने आ रही है, उसमें राज्य की 81 में से तकरीबन 30 सीटों पर संभावित महिला प्रत्याशी मुख्य मुकाबले में जगह बना सकती हैं। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड के इतिहास में सबसे ज्यादा 127 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरी थी। इनमें से 10 ने जीत का परचम फहराया था। 10 महिला प्रत्याशी दूसरे और 8 तीसरे स्थान पर रही थी।

बाद में हुए उपचुनाव में दो अन्य महिला प्रत्याशी जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंची। इस तरह मौजूदा विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या 12 पहुंच गई। इस बार भी विभिन्न सीटों पर संभावित महिला प्रत्याशी अलग-अलग पार्टियों में टिकट की दावेदारी और चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। राज्य की मौजूदा महिला विधायकों की बात करें तो कांग्रेस की तरफ से महगामा सीट पर दीपिका पांडेय सिंह, झरिया में पूर्णिमा नीरज सिंह, बड़कागांव सीट पर अंबा प्रसाद का फिर से उतरना तय माना जा रहा है। झामुमो की कल्पना सोरेन हाल में गांडेय सीट पर उपचुनाव में जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंची थी और वह फिर से इसी सीट पर मैदान में होंगी। डुमरी सीट पर भी झामुमो मौजूदा विधायक बेबी देवी को रिपीट कर सकता है। राज्य में भाजपा की तीन महिला विधायक हैं- कोडरमा सीट से नीरा यादव, निरसा से अपर्णा सेन गुप्ता और छतरपुर सीट से पुष्पा देवी। ये तीनों फिर से उम्मीदवारी की दावेदारी कर रही हैं। नीरा यादव लगातार दो बार विधायक रह चुकी हैं। पिछली बार जामा विधानसभा से झामुमो के टिकट पर विधायक चुनी गईं सीता सोरेन अब भाजपा में हैं। संभावना जताई जा रही है कि भाजपा उन्हें इस बार अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट के बजाय जामताड़ा या संथाल परगना प्रमंडल की किसी सामान्य सीट से उतारेगी। उनकी परंपरागत जामा सीट पर भाजपा इस बार सीता सोरेन की पुत्री जयश्री सोरेन को उतार सकती है। रामगढ़ सीट से आजसू पार्टी की विधायक सुनीता देवी का फिर से मैदान में आना तय माना जा रहा है। ईचागढ़ सीट पर झामुमो की विधायक सविता महतो भी फिर से मैदान में उतरने की तैयारी कर चुकी हैं। वैसे इस सीट पर उनकी बेटी की भी उम्मीदवारी की चर्चा हो रही है।

# भाजपा कार्यकर्ता बोले, हरियाणा के बाद अब जीतेंगे दिल्ली विधानसभा चुनाव



**नई दिल्ली।** हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगा ली है और पहली ऐसी पार्टी बन गई है जिसकी राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। मंगलवार को चुनाव आयोग ने हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए। परिणाम भाजपा के पक्ष में आए हैं। भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला है। हरियाणा में भाजपा को 48, कांग्रेस को 37 और अन्य के खाते में 5 सीटें आई हैं। भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत पर राजधानी दिल्ली में जश्न का माहौल है। मंगलवार से शुरू हुआ जश्न बुधवार को भी देखने को मिला। नांगलोई विधानसभा में भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को जलेबी खिलाकर बधाई दी। भाजपा समर्थकों ने आईएएनएस से बात की। एक महिला भाजपा कार्यकर्ता ने कहा कि हरियाणा में विकास की जीत हुई है। देश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए की सरकार में महिलाओं को कई सुविधाएं मिल रही हैं। हरियाणा की जीत से हम सभी लोग बेहद खुश हैं। दूसरे भाजपा कार्यकर्ता ने कहा, मंगलवार से जो जश्न शुरू हुआ है, वह आज भी जारी है। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी है। हरियाणा विधानसभा में भाजपा की जीत देश के 140 करोड़ लोगों की जीत है। इसके लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्र नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं। भाजपा कार्यकताओं ने कहा है कि हरियाणा की जीत के बाद अब अगले साल जनवरी-फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हैं। दिल्ली के अलावा, महाराष्ट्र, झारखंड के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा का अगला मिशन दिल्ली विधानसभा है। यहां मौजूदा समय में आम आदमी पार्टी की सरकार है। ह्यआपह्ल ने विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनानी भी शुरू कर दी है। इनके नेता दिल्ली की सड़कों पर पदयात्रा भी कर रहे हैं। वहीं, भाजपा भी तैयारी कर रही है।

# रेलवे ट्रैक पर रख दिए तीन क्विंटल के स्लीपर मामले में शामिल थे सात से आठ लोग



**लखनऊ।** रायबरेली-ऊंचाहार रेलखंड पर स्लीपर रखकर मालगाड़ी पलटाने की साजिश की जांच बुधवार को शुरू हो गई। शुरूआती जांच में मालगाड़ी पलटाने की साजिश में सात से आठ लोगों के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। वजह एक स्लीपर का वजन करीब तीन क्विंटल होता है। ऐसे में एक-दो लोग स्लीपर उठाकर उसे रेल लाइन तक नहीं पहुंचा सकते हैं। ऐसे में जाहिर है कि ऐसा करने वालों की संख्या ज्यादा थी। इस साजिश के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं, यह पता लगाने के लिए जीआरपी, आरपीएफ के अधिकारी सिविल पुलिस का भी सहारा ले रहे हैं। दरअसल, सोमवार की रात क्लिंकर लादकर एक मालगाड़ी प्रयागराज से रायबरेली की ओर जा रही थी। इस दौरान लक्ष्मणपुर व दरियापुर स्टेशन के बीच क्रासिंग संख्या 15 सी बेनीकामा गांव के पास इंजन में खड़खड़ाहट की आवाज हुई थी जिसके बाद लोको पायलट ने गाड़ी रोक दिया। लोको पायलट ने रेल की पटरी पर स्लीपर रखने की सूचना दी। इसके बाद आरपीएफ व रेलवे अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की थी। इस दौरान ट्रेन लगभग डेढ़ घंटे मौके पर खड़ी रही। मामले में लोको पायलट की सूचना के आधार पर ऊंचाहार आरपीएफ थाने में अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ पटरी पर स्लीपर रखे जाने का मामला दर्ज करया गया।

मालगाड़ी पलटाने की साजिश का मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो हड़कंप मच गया। यही वजह रही कि बुधवार को रेलवे के अलावा आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारी यहां मौके पर पहुंचकर पड़ताल की और जानने का प्रयास किया कि आखिर इन सबके पीछे किसकी साजिश थी। विभागीय सूत्रों की मानें तो शुरूआती जांच में मालगाड़ी पलटाने के पीछे बड़ी साजिश बताई जा रही है। स्लीपर का वजन भारी होने की वजह से इस कार्य में सात से आठ लोगों के होने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। जांच करने मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने आसपास के लोगों से भी बातचीत करके इन सबके पीछे किन लोगों का हाथ है, यह भी जानने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक अधिकारियों ने मौके पर रहकर हर बिंदु पर पड़ताल की।

### स्लीपर रखे जाने की पुष्टि नहीं- वरिष्ठ खंड अभियंता

वरिष्ठ खंड अभियंता (रेल पथ) इजहार कलीम ने बताया कि जांच में स्लीपर रखें जाने की पुष्टि नही हुई है। चरवाहों ने पटरी पर गिट्टी रखी थी। गिट्टियां ही इंजन में खड़खड़ाई थी। गिट्टी पिसने के निशान मिले हैं। वहीं, इस बाबत आरपीएफ थाना प्रभारी समर बहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात अराजकतत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नगर निगम की बोर्ड बैठक में ये भी रहा सदन का अंदाज



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बुधवार को नगर निगम की बोर्ड बैठक में केवल मेयर और पार्षद ही नहीं पहुंचे बल्कि इस बैठक में पदेन सदस्य के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी पहुंचे। सदन में महिला पार्षदो ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी को बोलने का मौका मिला। बैठक में सभी पार्षद संतुष्ट दिखाई दिए।




## ये बनी है पहचान जब अफसर आये तो वो बन गये दरबान

वैसे तो मंच कोई सा भी हो जलवा अफसरों का ही रहता है। इस्कान में भजन चल रहे थे और इसी बीच तत्कालीन जीडीए वीसी वहां पहुंच गये तो भजन गायक से लेकर पुजारी तक साहब चालीसा गाने लगे थे। शहर की पुरानी रामलीला में जब मंच पर पुलिस के साहब पहुंचे तो सीन बामुलाहिजा होशियार वाला हो गया। बाबा साईड में और सीन में तीन आ गये। साहब के दायें वो साहब के बायें वो। किसी की डयूटी लगाई गई कि कोई भी सामने वाले सोफे पर ना बैठ जाये। साहब विद फैमिली पधारे हैं तो रामलीला वाले क्या यहां मंचन वाले राम गदगद हो जाते। साहब का सम्मान हुया और देखने वाला सीन वो था जब साहब चले तो कमेटी के महामंत्री अर्दली की तरह उनका सम्मान प्रतीक उठा कर पीछे पीछे चले। सुनने वालों ने कहा कि हो सकता है कि साहब अकेले ही गाड़ी चलाकर आये हों। अपने साथ किसी गनर, अर्दल, ड्राईवर को ना लाये हों तब रिमोट वाले ही तो साहब की कार तक रामलीला के उपहार को छोड़कर आते। मगर देखने वालों ने कहा कि वो पुलिस महकमें के साहब हैं और उनके कदम मैदान में पड़े और पूरी कोतवाली इस्तकबाल में खड़ी थी। साहब के साथ पूरी फौज खड़ी थी। राम वालों ने कहा कि ये तो अपनी अपनी बात हैं, अपना अपना स्टेटस हैं वर्ना वो तीन भी वहीं थे जो सोफे से लेकर फोटो फ्रेम में साहब के साथ है। वैसे सम्मान कमेटी कर रही थी औरकमेटी के प्रधान फ्रेम में नही और महामंत्री साईड में। यही तो पहचान बनाई है कमेटी वालों ने कि जब अफसर आये तो वो अर्दली और दरबान से लगे।

## उसके नाम की कटवा दी है गोट बस तुम करो मुझे सपोर्ट

किसी के दिवंगत हो जाने के बाद उसके बचे खुचे कार्यकाल के लिये कोई किस हद तक जा सकता है ये फ्लावर वाले बता रहे हैं। दावेदार को पूरी होप है कि उम्मीदवारी का स्कोप उसी के नाम है। मौहल्ले वाले बताते हैं कि मेंबर लिखा कोई केक भी उसके नाम से कटवाया गया था। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि सपोर्टरों और वोटरों से ज्यादा सीन में टोने टोटके भी आ गये हैं। एक दावेदार हो तो कहें भी यहां तो दूसरे मौहल्ले से भी तैयारी हो रही है। जब किसी ने कहा कि अगर टिकट ना मिला तो फिर, बस इतना सुनते ही उनकी जुबान का स्वाद कड़वा हो गया। उन्होने कहा कि ऐसा नही हो सकता क्योंकि उसके नाम की तो कई गोट कटवा दी हैं मैने। तुम तो बस सपोर्ट करों मुझे और मान कर चलों कि टिकट भी मेरा, जीत भी मेरी और निगम का बचा कार्यकाल भी मेरा।

## भगवा गढ़ में एक सिबंल पर नही खेला कोई तीसरी पारी

हरियाणा में वोटरों ने सर्वे वाले सारे अनुमानों का गुमान ही निकाल दिया। जब भगवा दफ्तर पर लडडू बंट रहे थे तब पुराने भाजपाई ने कहा कि वो हरियाणा है और यहां का तराना कुछ अलग ही है। यहां किसी भी दल की हैट्रिक नही लगती है। हाथ वालों की नही लगी, हाथी वालों की नही लगी, साईकिल वालों की नही लगी तो फूल वालों की कहां से लग जायेगी। केवल यहां की बात नही हैं किसी भी सीट को उठाकर देख लो। बस मुरादनगर में राजपाल त्यागी का रिकार्ड हैं लेकिन सिबंल उन्होने हर बार बदला। वो हाथ साईकिल हाथी से लेकर कार और कप प्लेट पर भी विधायक वाला चुनाव जीते और विधानसभा में पहुंचे। बाकी तो आप देख लो कि साहिबाबाद में ब्रेक लगा तो बाकी वाले भी सेंकिड पारी खेल रहे हैं। फिलहाल तो शहर में तीसरी पारी हो रही हैं मगर साथ में ये भी जोड़ा कि बचे खुचे कार्यकाल को थर्ड पारी में माना जाये या इसे दूसरी से ही कनेक्ट करा जाये। बहरहाल सीन यहां जलेबी और लडडु के बीच फसना ही है।

## रामलीला में लक्ष्मण मूर्च्छा का किया गया मार्मिक मंचन



लोनी, करंट क्राइम। कस्बे की प्राचीन रामलीला में दर्शकों की भारी भीड उमड रही है। कमेटी के अध्यक्ष रतनसिंह भाटी तथा सचिव अरविंद गोयल ने बताया कि मंगलवार रात लंका दहन का मंचन किया गया था, बुधवार रात मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध होगा तथा लक्ष्मण मूर्छा का मार्मिक मंचन किया जाऐगा। इस वर्ष आगरा के मंजे हुए कलाकार रामलीला का मंचन कर रहे हैं। जिनकी सुंदर प्रस्तुति को देखने के लिए दूर दूर से क्षेत्रवासी भारी संख्या में आ रहे हैं।




## फिर हो गई एक और आईपीएस की आमद

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार अधिकारियों की संख्या बढ़ रही है। बीते दिनों आई एक तबादला एक्सप्रेस के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक और आईपीएस अधिकारी का नाम जुड़ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारी ने आमद करा ली है लेकिन अभी उनको ज़िम्मेदारी वाला चार्ज नहीं सौंपा गया है। सुनने में आ रहा है कि जल्द ही उनको कहीं किसी सर्किल व खास कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है। बता दे की वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आधा दर्जन से अधिक आईपीएस अधिकारी हो चुके हैं। यहां आईपीएस अधिकारी शीर्ष स्तर से लेकर जोन और सर्किल तक में जिम्मेदारी संभालने का काम कर रहे हैं। बीते दिनों यहां से एक आईपीएस अधिकारी गए तो उनके बाद यहां एक महिला आईपीएस अधिकारियों और महिला आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग के कुछ दिन बाद फिर एक पुरुष आईपीएस अधिकारी को भेजा गया है। बताया जा रहा है कि वो अभी नए हैं और वह अभी यहां कमिश्नरेट सिस्टम की वर्किंग को समझने का काम करेंगे। फिर उनको भरोसे में लेकर कही जिम्मेदारी मिलेगी। उधर पुलिस महकमें के निचले स्तर के अधिकारी लगातार आईपीएस अधिकारियों की निगरानी में नौकरी कर रहे हैं। यह उनके लिए काफी हद तक ठीक भी रहता है कि उनको वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिलता रहता है। इसके साथ ही एक मजबूत वर्किंग और बैकअप भी मिल जाता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आगामी माह में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुछ दिनों तक हलचल वाला सीन बंद हो सकता है। इस बीच जानकारी मिल रही है कि विधानसभा वाला उपचुनाव होने के बाद फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी स्तर के कुछ फेरबदल होने की चर्चाएं सुनाई देगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरी में भले बड़े-बड़े मामले और किस्से चल रहे हों, पर आईपीएस अधिकारी उसे भी महत्व के साथ देखने का काम कर रहे हैं। बीते दिनों डासना प्रकरण को लेकर देखा गया है कि जिस तरीके से कई स्थानों पर एक के बाद एक आईपीएस अधिकारियों की फौज देखने को मिली है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की कमिश्नरी में सबसे लेटेस्ट आईपीएस अधिकारी के तौर पर आने वाले अफसर को जल्द ही कुछ जिम्मेदारी दी जाएगी। तो वही उनका पुलिस ऑफिस में भी इस्तेमाल और वर्किंग में लगाया जा सकता है। बता दें की वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रत्येक जोन और सर्किल में एसीपी का कार्यभार आईपीएस अधिकारी ही संभालने का काम कर रहे हैं।



## ट्रॉनिका सिटी में प्रिंटिंग पैकेजिंग फैक्टरी में लगी आग



लोनी, करंट क्राइम। ट्रॉनिका सिटी में बुधवार सुबह प्रिंटिंग और पैकेजिंग की तीन मंजिला फैक्टरी के भूतल पर प्रिंटिंग मशीन में हो रही स्पार्किंग के कारण आग लग गई। फैक्टरी कर्मिया ने आग पर पानी डाला तथा फायर बिग्रेड से मदद मांगी। कुछ ही देर में ट्रॉनिका सिटी से फायर बिग्रेड की दो गाडी मौके पर पहुंची और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। जिससे बडा नुकसान बच गया।

फैक्टरी में अग्निशमन यंत्र नही लगे थे। जिस पर फैक्टरी कर्मियों ने पास की एक फैक्टरी में लगे अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल कर आग बुझाने का प्रयास किया तथा फायर बिग्रेड को सूचना दी। कुछ ही मिनट में ट्रॉनिका सिटी से दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे तथा कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

## श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क में दशरथ मरण एवं भारत मनावन की लीला का मंचन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में गुरुवार को बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा दशरथ मरण एवं भारत मनावन की लीला का मंचन बड़े ही सुंदर रूप में व्यास पवन कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में दिखाई जा रही है। गिरधारी लाल दशरथ के रूप में एवं सीता के स्वरूप में मनीषा, सोनू चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी, अनिरुद्ध, भोलेनाथ, बैकुंठ, दिलीप, माधव, अनुज चतुर्वेदी, महिला कलाकार रिंकी, मनीषा, एवं आरती आदि कलाकारों द्वारा सुंदर ढंग से लीला का मंचन किया गया। मंचन का लोग भरपूर आनंद ले रहे हैं और तालिया बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। राम भक्तों ने लीला का भरपूर आनंद उठाया।

श्री रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह, संरक्षक कुसुम सिंह पूर्व पार्षद, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा, उपाध्यक्ष राकेश सूद, धर्मेंद्र दुबे, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, कमलेश यादव, राजकुमार गुप्ता, अमन ठाकुर, सुरेंद्र भारती, नादिर अली, चंदन झा, केके दुबे, भूपेंद्र मेहता, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, अनीता झा, शोभा दुबे, संध्या सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह आदि लोगों की उपस्थिति में सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया गया। मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया की रामलीला में अपार भीड़ जनसमूह आ रहा है। लोग मेले का भरपूर आनंद उठा रहे हैं और लीला का आनंद ले रहे हैं।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीएसपी नेता मन्नवर चौधरी की खूबी ये है कि वो सियासी आस्था हो या अपनेपन का वास्ता हो, निभाते पूरे दिल से है। उन्हे शमसुद्दीन राईन का करीबी माना जाता था। मन्नवर चौधरी के हैप्पी बर्थडे पर उनके सभी मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की। सभी ने उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। मन्नवर चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय ने किया जैव प्रौद्योगिकी के छात्रों का औद्योगिक दौरा आयोजित



गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय, गाजियाबाद के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 8 अक्टूबर 2024 को अपने बीएससी जैव प्रौद्योगिकी के छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय जेनेटिक इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आईसीजीईबी) नई दिल्ली का औद्योगिक दौरा आयोजित किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत अनुसंधान और विकास की जानकारी देना था।

छात्रों को आईसीजीईबी में संस्थान के मिशन और अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी दी गई। दौरे में परिचयात्मक सत्र, प्रयोगशाला दौरा, संचालक सत्र और नेटवर्किंग अवसर शामिल थे। परिचयात्मक सत्र के दौरान छात्रों को आईसीजीईबी के इतिहास, उद्देश्य और वर्तमान शोध की जानकारी दी गई। अंत में छात्रों ने प्रमुख शोधकर्ताओं के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया, जहां उन्हें सवाल पूछने और विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। छात्रों ने इस दौरे को उपयोगी बताते हुए अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस दौरे से उन्हें जैव प्रौद्योगिकी के उन्नत अनुप्रयोगों के प्रति गहरी समझ मिली है और भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा भी मिली है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति चौधरी, सभी संकाय सदस्य और आईसीजीईबी के स्टाफ का हार्दिक धन्यवाद करता है, जिन्होंने इस दौरे को सफल बनाने में सहयोग किया। कुलपति प्रो. प्रसंजीत कुमार ने अपने संदेश में छात्रों को इस दौरे से प्राप्त अनुभवों को शिक्षा का अभिन्न अंग बताया। निदेशक प्रो. ज्योत्सना पंडित ने भी कहा कि ऐसे दौरों से छात्रों को न केवल ज्ञान मिलता है, बल्कि यह उनके पेशेवर कौशल को भी निखारता है। उन्होंने विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्यों को इस दौरे को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल 'वेव सिटी दशहरा मेले' में निभा रहा है सक्रिय भागीदारी



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल 'वेव सिटी दशहरा मेले' में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहा है, जो 8 से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस 6 दिवसीय मेले के पहले दिन, स्कूल की छात्राओं - अवनी, मुस्कान, तनिशा, मोनिशा, खुशी, आयुश्री, सृष्टि त्यागी और सृष्टि अग्रवाल - द्वारा शानदार डांडिया नाइट्स प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस मेले के दौरान सुंदरदीपियन्स को वेव सिटी कमेटी की ओर से विशेष सम्मान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सपना अहलावत ने छात्रों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। चारू, रूपाली, रूचि और साक्षी द्वारा विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए। जिनमें स्टेशनरी का सामान, गिफ्ट आइटम्स और अन्य रोचक वस्तुएं प्रदर्शित की गयीं। इसके अलावा, श्वेता और अर्चना द्विवेदी व प्रिया के निर्देशन में बच्चों के लिए विभिन्न खेल और गतिविधियों का आयोजन किया, जिनमें टैटू बनाना, क्ले मोल्डिंग और अन्य रचनात्मक कार्य शामिल हैं। सुंदरदीपियन्स ने उत्साहपूर्वक इस आयोजन में हिस्सा लिया। आगामी दिनों में, इन गतिविधियों के अलावा हमारे सुंदरदीपियन्स नई शिक्षा नीति के अनुरूप एआई और रोबोटिक्स में अपने ज्ञान का प्रदर्शन करेंगे, जिससे उनके तकनीकी कौशल को और बढ़ावा मिलेगा।

## हरियाणा में भाजपा की जीत, जनता के विश्वास की जीत : हरीश मल्होत्रा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पूर्व कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल हरीश मल्होत्रा ने कहा कि हरियाणा में जनता का भारतीय जनता पार्टी पर पूरा विश्वास रहा है। विपक्षी पार्टियों ने अपना भरपूर प्रयास करके जनता को गुमराह करना चाहा था लेकिन विपक्ष के सारे प्रयास असफल रहे। जनता ने पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया और भारी जीत दिलाई। यह जीत भाजपा की नहीं है, यह जीत जनता की है। विकास के रफ्तार की जीत है। विश्व में अपना विशेष स्थान रखने वाले भारत की जीत है। जनता जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में अपना अटूट विश्वास दिखाया है, उसकी जीत है।

# कनाडा में रामलीला का आयोजन
## देख भाव-विभोर हुए भारतीय मूल के लोग



**टोरंटो ।** कनाडा का टोरंटो शहर भी इन दिनों राममय नजर आया। दरअसल टोरंटो में रामलीला का मंचन किया गया। इस साल दशहरा पर्व मनाने के लिए टोरंटो में भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया, जो बेहद भव्य रहा। इस रामलीला महोत्सव का आयोजन रेडियो डिशुम द्वारा किया गया। रामलीला के इस आयोजन ने न केवल भारतीय मूल के लोगों बल्कि अन्य संस्कृति के लोगों का भी मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम में भगवान राम की जीवन गाथा को अद्वितीय नृत्य - नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों के दिलों को छू लिया।



रामलीला भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा रही है, जो प्रेम, साहस और भक्ति की एक शाश्वत गाथा है। करीब छह साल पहले, लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने इस महान संस्कृति को कनाडा की भूमि पर जीवंत करने का निर्णय लिया। जिसके बाद से कनाडा में रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस साल फिर से टीम ढिशुम ने जून के अंत में अपनी रिहर्सल शुरू की, जिसमें युवा कैनेडियन बच्चों के व्यस्त स्कूल शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए उन्हें गर्मियों की छुट्टियों के दौरान इस महोत्सव से जोड़ा गया। इसका उद्देश्य युवा वर्ग को प्रभु राम के चरित्र के बारे में बताना और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में इसे आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि समाज में फिर से राम राज्य की स्थापना हो सके।

टीम ढिशुम में स्थानीय इंडो- कैनेडियन अभिनेता, फोटोग्राफर और स्वयंसेवक शामिल हैं, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनगिनत घंटे समर्पित किए। टीम ढिशुम के बच्चों ने तैयारी की इस पूरी यात्रा के दौरान अद्भुत समर्पण और जिज्ञासा दिखाई। इस स्टेज शो का हिस्सा बनने वालों में 35 से अधिक बच्चे और 60 वयस्क शामिल हैं। जिसमे 74 वर्षीय यशपाल शर्मा और 3 वर्ष का वीर भी शामिल है।

रामलीला की निर्देशक - डाइरेक्टर, सौम्या मिश्रा इस अलौकिक कथा को पारंपरिक और नई नाट्य शैली के समिश्रण के साथ प्रस्तुत करती हैं। रामलीला का हर दृश्य ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे दर्शक किसी महाकाव्य फि ल्म का आनंद ले रहे हों। भव्य सेट, आकर्षक लाइट - साउन्ड इफेक्ट्स , और बेहतरीन स्पेशल इफेक्ट्स ने इसे एक सिनेमाई अनुभव में बदल दिया। जिसने राम-रावण युद्ध, मेघनाथ का मायाजाल और हनुमान की लंका यात्रा जैसे दृश्यों को जीवंत और भव्य बना दिया। राम वनवास प्रस्थान, भरत-मिलाप, सीता हरण और लक्ष्मण मूर्छा के दृश्य ने लोगों को भावुक कर दिया और हनुमान और उनकी सेना की चपल क्रीड़ा सबके चेहरे पर एक मुस्कान ले आई।

इस वर्ष भगवान राम की भूमिका विक्रम सिंह ने निभाई। वहीं इवान लक्ष्मण, यश पटेल भगवान हनुमान, कौशिक स्वामीनाथन रावण, सचिन रामपाल ने कुंभकर्ण की भूमिका निभाई। वहीं देव पारिख विभीषण, मेघनाथ हुल्लास दत्त, जनक गौरव शर्मा, शुपर्णखा कुंजिता कपूर, दशरथ संदीप लूंबा और कैकेयी की भूमिका सुरम्या मिश्रा ने निभाई है। युवा कलाकारों में श्रेयश, शौर्य, लक्षा, कृशा, गौरीशा, आविग्ना ,निर्विघ्ना , भक्ति, क्रीना नजर आए। इशी, वीर, ईशान, कृशव, वेदांग, अभिमन्यु जैसे बाल कलाकारों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिषी आचार्य इंदु प्रकाश जी ने भगवान परशुराम की आवाज दी और आत्मप्रकाश मिश्रा, जो दूरदर्शन नेशनल में सहायक निदेशक कार्यरत हैं।

# पीएम मोदी ही पश्चिम एशिया में शांति ला सकते हैं
## इस्राइल में रहने वाले भारतीयों ने जताई उम्मीद

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में संघर्ष को एक साल बीत चुका है और इस संघर्ष के चलते क्षेत्र में आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और अधिकतर लोग अब चाहते हैं कि इस संघर्ष का अंत होना चाहिए ताकि लोग अपने सामान्य जीवन की तरफ लौट सकें। इस्राइल में रहने वाले भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की है कि वह अपने मित्र देशों रूस, ईरान और इस्राइल से बात करके इस युद्ध को खत्म कराएं।



**इस्राइल में रहने वाले भारतीय समुदाय को पीएम मोदी से उम्मीद :** इस्राइल में रहने वाली भारतीय रीना विनोद पुष्कर्णा का कहना है कि 'अगर कोई इन हालात को खत्म कर सकता है तो वो मोदी जी ही हैं'। रीना ने उम्मीद जताई कि पीएम मोदी क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद करेंगे। पीएम मोदी की निर्णय लेने की क्षमता बदलाव ला सकती है। रीना पुष्कर्णा इस्राइल में लंबे समय से रह रही हैं और वहां होटल इंडस्ट्री से जुड़ी हैं। रीना पुष्कर्णा के इस्राइल में होटल हैं। उन्होंने कहा कि 'जब कोई कहता है कि भारत, इस्राइल का समर्थन कर रहा है तो मेरा मानना है कि भारत, इस्राइल का नैतिक तौर पर समर्थन कर रहा है, जैसे कि बाकी दुनिया कर रही है। मुझे लगता है कि मोदी जी आगे आएंगे और शांति लाएंगे।'

> **रीना विनोद पुष्कर्णा का कहना है कि 'अगर कोई इन हालात को खत्म कर सकता है तो वो मोदी जी ही हैं'।**

### 'ऐसी जिंदगी कोई नहीं चाहता'

रीना पुष्कर्णा का कहना है कि युद्ध को एक साल क ा समय बीत गया है और युद्ध खत्म होने के और बंधकों के रिहा होने की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं दिख रही। उन्होंने कहा कि 'इस्राइल में पर्यटन क्षेत्र को हिंसा की बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। होटल्स को चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी जिंदगी कोई नहीं चाहता और ये जरूरी है कि आतंकवाद और नफरत खत्म होनी चाहिए। लोगों के बिजनेस बंद हो रहे हैं और लोगों को आर्थिक तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मेरा खुद का होटल बिजनेस बुरी तरह से प्रभावित है। पहले कोरोना और अब संघर्ष ने हालात को काफी चुनौतीपूर्ण बना दिया है।'

रीना ने कहा कि 'कोई भी पर्यटक ऐसे देश में नहीं आना चाहता, जहां बम शेल्टर हकीकत बने हुए हैं।' गौरतलब है ।

# सीरिया के दमिश्क में इस्राइल का बड़ा हमला; सात लोगों की मौत, 11 घायल

**दमिश्क ।** मध्य्यू पूर्व में इस्राइल लेबनान और ईरान के बीच जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच भारी गोलीबारी जारी रही। इस्राइली सुरक्षा बलों ने लेबनान में अपने जमीनी सैन्य हमले का विस्तार के संकेत दिए हैं। इसी बीच इस्राइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हवाई हमला किया है। जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबर है।



सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि दमिश्क की एक आवासीय इमारत पर इस्राइली सेना की ओर से हवाई हमला किया गया है। इस हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और 11 लोग घायल हो गए। इस रीजन में जारी जंग के चलते इस्राइल-लेबनान सीमा पर हजारों लोगों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मंगलवार को इस्राइली सेना ने कहा था कि वह जल्द ही लेबनान के दक्षिणी तटीय इलाके में ऑपरेशन शुरू करेगी। सेना ने लेबनान के लोगों को समुद्र तटों से दूर रहने की सलाह दी है।

इससे पहले इस्राइल ने सोमवार को एक घंटे के भीतर साउथ लेबनान में हिजबुल्ला के 120 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया था। इन हमलों में 50 हिजबुल्ला लड़ाकों के मारे जाने की खबर है। लेबनान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 10 फायर फाइटर्स (दमकलकर्मी) की मौत हो गई।

# नेतन्याहू ने नसरल्ला के उत्तराधिकारी को मारने का दावा किया, कहा- हमने खत्म की हिजबुल्ला की ताकत

**तेल अवीव ।** मध्य एशिया में जारी तनाव के बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने दावा किया कि हमने नसरल्ला और उसके उत्तराधिकारी को मार गिराया है। हमने हिजबुल्ला की क्षमताओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने लेबनान के नागरिकों से आह्वान किया कि वह अब अपने देश को हिजबुल्ला से मुक्त करें, ताकि यह युद्ध समाप्त हो सके। उन्होंने कहा कि यह आपके बच्चों के भविष्य के लिए एक बेहतर अवसर है।



इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के एक दिन बाद, हिजबुल्ला इस्राइल के खिलाफ युद्ध में शामिल हो गया। उसने हमारे शहरों और नागरिकों पर बिना किसी उकसावे के हमला किया। तब से उसने इस्राइल पर 8000 से अधिक मिसाइलें दागी हैं, जिसमें यहूदी, ईसाई, मुसलमान और द्रुज सभी नागरिक मारे गए हैं।

**इस्राइल ने हिजबुल्ला को खत्म करने का फैसला किया :** उन्होंने आगे कहा कि इस्राइल ने हिजबुल्ला को खत्म करने का फैसला किया है। हमने अपने लोगों को सुरक्षित घर वापस लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का फैसला किया है। इस्राइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। इस्राइल को जीतने का भी अधिकार है और इस्राइल जीतेगा। हमने हिजबुल्ला की क्षमताओं को कम कर दिया है। हमने हजारों आतंकवादियों को खत्म किया, जिसमें नसरल्ला और उनके उत्तराधिकारी भी शामिल हैं। आज हिजबुल्ला कई वर्षों से अपनी सबसे कमजोर स्थिति में है। अब आप अपना देश वापस ले सकते हैं।

**अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता था लेबनान :** उन्होंने लेबनान के लोगों से कहा, आपके पास अपने देश को वापस लेने का अवसर है। क्या आप याद करते हैं जब आपका देश मध्य पूर्व का मोती कहलाता था? मैं याद करता हूं, तो लेबनान के साथ क्या हुआ?

एक आतंकवादी गिरोह ने इसे बर्बाद कर दिया। लेबनान एक बार सहिष्णुता और सुंदरता के लिए जाना जाता था, लेकिन आज यह एक युद्ध का मैदान बन गया है। इस्राइल ने 25 वर्ष पहले लेबनान से वापसी की थी, लेकिन लेबनान पर वास्तव में कब्जा करने वाला देश इस्राइल नहीं है, बल्कि ईरान है। ईरान हिजबुल्ला को वित्तीय और सैन्य सहायता प्रदान करता है, जो लेबनान के खर्च पर ईरान के हितों की सेवा करता है।

# 'यूक्रेन को समर्थन देने से तिलमिलाया रूस, ब्रिटेन में मचा सकता है अफरा-तफरी', खुफिया एजेंसी का दावा

**लंदन ।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जंग जारी है। इस बीच चौंकाने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा कि रूस की खुफिया एजेंसी लंदन में अफरा-तफरा मचाना चाहती है। यह दावा ब्रिटेन की घरेलू खुफिया सेवा के प्रमुख ने मंगलवार को किया।



उनका कहना है कि यूक्रेन को समर्थन देने के लिए रूस ब्रिटेन में अफरा-तफरी मचाने पर आमादा है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि एमआई5 ने जनवरी 2022 से अब तक ईरान समर्थित 20 साजिशों का जवाब दिया है, जो ब्रिटिश में रहने वाले लोगों को नुकसान पहुंचा सकती थी।

### चौंकाने वाला खुलासा

ब्रिटेन की घरेलू खुफिया सेवा के प्रमुख केन मैक्कलम ने कहा कि रूस और ईरान ने ब्रिटिश धरती पर अपना काम करने के लिए अपराधियों और निजी खुफिया अधिकारियों को नियुक्त करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को रूस की ओर से आक्रामक गतिविधियां जारी रहने की उम्मीद करनी चाहिए क्योंकि उसकी सैन्य खुफिया एजेंसी जीआरयू देश की सड़कों पर अफरा-तफरी मचाने के लिए लगातार अभियान चलाएगी। उन्होंने आगे कहा, 'हमने आगजनी, तोड़फोड़ और बहुत कुछ देखा है।' दो सालों में कई बार रची गई साजिश ईरान पर मैक्कलम ने कहा कि पिछले दो वर्षों में कई बार साजिश रची गई है। मध्य पूर्व में घट रही घटनाओं के मद्देनजर एमआई5 ब्रिटेन में ईरानी सरकार समर्थित आक्रामकता के बढ़ने के खतरे पर अपना पूरा ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, एमआई5 और पुलिस ने मार्च 2017 से अब तक हमले की 43 साजिशों को नाकाम कर दिया है, जिससे कई लोगों की जान बच गई है।

उन्होंने कहा कि उनमें से कुछ षड्यंत्रकारी सामूहिक हत्या की योजना के अंतिम दिनों में आग्नेयास्त्र और विस्फोटक हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।

### आतंकवाद में बच्चों की बढ़ी संख्या

मैक्कलम ने आतंकवाद के लिए जांच के दायरे में आने वाले बच्चों की संख्या में हुई वृद्धि के लिए भी चरम दक्षिणपंथी विचारधाराओं को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के 13 प्रतिशत लोग आतंकवादी गतिविधियों में संभावित संलिप्तता के लिए जांच के दायरे में हैं।

उन्होंने लंदन में एमआई5 के आतंकवाद निरोधी संचालन केंद्र में संवाददाताओं से कहा कि यह संख्या पिछले तीन वर्षों में तीन गुना वृद्धि को दशार्ती है।'यूक्रेन को समर्थन देने से तिलमिलाया रूस, ब्रिटेन में मचा सकता है अफरा-तफरी', खुफिया एजेंसी का दावा

रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जंग जारी है। इस बीच चौंकाने वाली खबर सामने आई है।

# पाकिस्तान में पोलियो की मार, चार नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद ।** आर्थिक संकट और महंगाई से जूझ रहे पाकिस्तान में अब पोलियो वायरस ने कहर मचाना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पोलियो के चार और मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे इस साल पड़ोसी मुल्क में गंभीर बीमारी के मामलों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। यह वायरस को खत्म करने के पाकिस्तान सरकार के प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका है। इस बीमारी के चार मरीजों में से तीन सिंध प्रांत और एक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से है।



### इन क्षेत्रों से सामने आए मामले

उन्होंने कहा, 'इस साल अब तक बलूचिस्तान से 16, सिंध से 10, खैबर पख्तूनख्वा से चार और पंजाब तथा इस्लामाबाद से एक-एक मामले सामने आए हैं। वर्तमान में सात क्षेत्रों में से केवल दो यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान पोलियो मुक्त हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वायरस चार प्रांतों और संघीय राजधानी सहित पांच क्षेत्रों में पहुंच गया है।

करोड़ों बच्चों को दी गई पोलियो खुराक



पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इस साल सितंबर में राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान पांच साल से कम उम्र के करीब तीन करोड़ 30 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो के खतरनाक प्रभावों से बचाना था।

**सितंबर के अभियान कामयाब रहा :** उन्होंने कहा कि सितंबर अभियान ने देश के पोलियो उन्मूलन प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, कार्यक्रम बड़ी संख्या में बच्चों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिनमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र भी शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए प्रधानमंत्री की फोकल पर्सन आयशा रजा फारूक ने अभियानों में बची कमियों को दूर करने पर लगातार ध्यान देने पर जोर दिया। हितधारकों ने प्रमुख क्षेत्रों में हुई प्रगति पर भी प्रकाश डाला, लेकिन आगे सुधार की आवश्यकता को भी स्वीकार किया।'

बता दें, 28 अक्तूबर से दूसरे सामूहिक टीकाकरण की योजना बनाई जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दुनिया में पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं, जहां पोलियो अब भी मौजूद है।

# 'अमेरिका और भारत एक दूसरे के हाइड्रोजन मिशन को समर्थन दे रहे

**वॉशिगटन ।** अमेरिका के भारत केंद्रित समूह के प्रमुख का कहना है कि वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए भारत और अमेरिका ध्वजवाहक देशों के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की प्राथमिकता में हाइड्रोजन मिशन है। भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और व्यवसायिक सहयोग के लिए बने समूह यूएसआईएसपीएफ हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे भारत-अमेरिका मंगलवार को हाइड्रोजन दिवस के मौके पर उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के ध्वजवाहक देशों के रूप में उभर रहे हैं। इसके तहत दोनों देश रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी को बढ़ा रहे हैं। साथ ही अक्षय ऊर्जा सप्लाई चेन, वित्त, निवेश और अनुसंधान के जरिए सहयोग को बढ़ाया जा रहा है।



# ट्रंप हारे तो मुझे जेल में डाल दिया जाएगा
## एलन मस्क को डर, वो अपने बच्चों को भी नहीं देख पाएंगे

**वॉशिगटन ।** एलन मस्क को डर है कि अगर आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस से हार जाते हैं तो उन्हें जेल भी हो सकती है। मस्क ने ये भी कहा कि अगर कमला हैरिस चुनाव जीतीं तो हो सकता है कि अमेरिका में फिर कभी चुनाव ही नहीं होंगे। एक इंटरव्यू के दौरान मस्क ने ये बातें कही। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में एलन मस्क खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं।



### एलन मस्क को जेल जाने का सता रहा डर

एंकर टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में एलन मस्क से पूछा गया कि अगर डोनाल्ड ट्रंप चुनाव हार जाते हैं तो क्या होगा? इस सवाल पर पहले ट्रंप चौंके और फिर मुस्कुराते हुए बोले कि 'अगर ट्रंप चुनाव हारे तो समझो मैं तो गया। आपको क्या लगता है कि मुझे कितने साल की जेल होगी? क्या मैं अपने बच्चों को भी देख पाऊंगा? मुझे नहीं पता।' गौरतलब है कि एलन मस्क राष्ट्रपति चुनाव में खुलकर डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर चुके हैं और हाल ही में पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई ट्रंप की रैली में एलन मस्क ने पूर्व राष्ट्रपति के साथ मंच भी साझा किया था और ट्रंप को चुनाव जिताने की अपील की थी।

**'अवैध अप्रवासियों को कर दिया जाएगा वैध' :** इंटरव्यू के दौरान एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे लगता है कि अगर ट्रंप इन चुनाव में नहीं जीते तो ये अंतिम चुनाव होंगे।' अपनी आशंका जताते हुए मस्क ने कहा कि 'हैरिस बाइडन प्रशासन के दौरान जो लाखों अवैध अप्रवासी अमेरिका आए हैं, उन्हें नागरिकता दे दी जाएगी और वे भविष्य में हमेशा के लिए डेमोक्रेट पार्टी के मतदाता होंगे।' मस्क ने कहा कि 'ये मेरा अनुमान है कि अगर चार साल और डेमोक्रेट पार्टी की सरकार रही तो वे अगले चुनाव में कई अवैध अप्रवासियों को वैध कर देंगे और फिर अमेरिका में कोई स्विंग स्टेट नहीं होगा, जिससे देश में एक ही पार्टी का शासन होगा।'

एलन मस्क ने अपने दावे के पक्ष में साल 1986 के इमीग्रेशन रिफोर्म एंड कंट्रोल एक्ट का उदाहरण दिया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इस कानून के तहत लाखों अवैध अप्रवासियों को अमेरिका की नागरिकता दी गई थी।

# फैमिली आईडी आवेदन के एक सप्ताह के अन्तराल में करें स्वीकृत या अस्वीकृत : डीएम

## फैमिली आईडी बनने से पात्र लाभार्थियों को समयान्तराल में मिलेगा योजनाओं का लाभ : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में फैमिली आईडी बनाने एवं जनपद स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं बंधुआ श्रम सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है।



एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नंबर जारी किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य योजनाओं का बेहतर प्रबंधन करना है, जिससे लाभार्थियों को समय से इसका लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी जल्द से जल्द बनाने हेतु बेहतर प्लानिंग करें और एक टीम बनाकर फैमिली आईडी बनाई जाएं।

जिलाधिकारी द्वारा चिह्नांकित बाल श्रमिकों के शैक्षिक पुनर्वासन के सम्बन्ध में श्रम विभाग एवं जिला बेसिक शिक्षा विभाग को शत प्रतिशत बच्चों को प्रवेशित कराये जाने, बाल श्रमिकों के परिवार के सदस्यों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार परक योजनाओं से भी आच्छादित किये जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में प्रभारी एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा चिह्नित बाल श्रमिकों के आयु परीक्षण में होने वाले विलम्ब की समस्या के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को बाल श्रमिकों के प्रस्तुतीकरण के उपरान्त 48 घंटों में आयु परीक्षण सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण कराये जाने के सख्त निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा श्रम विभाग एवं उपस्थित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि आपसी समन्वय करते हुए लम्बित समरी ट्रायल का त्वरित निस्तारण कराया जाये जिससे अवमुक्त बन्धुआ श्रमिकों के पुनर्वासन की कार्यवाही गतिशील ढंग से करायी जा सकें। बैठक में अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, रणविजय सिंह अपर जिलाधिकारी प्रशासन, डॉ.पूजा गुप्ता उप जिलाधिकारी मोदीनगर, अरुण दीक्षित उप जिलाधिकारी सदर, डॉ.राजेश श्रीवास्तव डीएसटीओ, अनुराग मिश्र उप श्रम आयुक्त, अमित तिवारी जिला पूर्ति अधिकारी, ओपी यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बुधराम एलडीएम, ५ सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक ए०एच०टी०यू०, गाजियाबाद, नायब तहसीलदार लोनी एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, गाजियाबाद आदि उपस्थित रहे।

## जिला श्रम सतर्कता समिति की बैठक में संजीव गुप्ता ने की शिरकत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बुधवार को जिला मुख्यालय के सभागार में जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गाजियाबाद जनपद की बंधुआ व बाल श्रम सतर्कता समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बाल एवं किशोर श्रमिकों के साथ बंधुआ श्रमिकों के उत्थान पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 14 वर्ष से कम या 14 वर्ष से 18 वर्ष के किसी भी बाल श्रमिक के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनके पुनर्वास, शिक्षा और सरकारी अनुदान दिलाए जाने पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। तथा स्वास्थ्य विभाग को ऐसे श्रमिकों की आयु की जांच 48 घंटे के अंदर पूरी करके शासन को रिपोर्ट सौंपी जानी चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता और समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने भी जिला श्रम सतर्कता समिति के सदस्य के रूप में इस बैठक में भाग लिया। तथा अपने सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष रखते हुए कहा कि सरकार की ओर से बाल मजदूरी वह बंधुआ मजदूरी प्रतिबंध होने के पश्चात भी यदि ऐसा कोई मामला संज्ञान में आता है तो उसका समाधान प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द करते हुए ऐसे मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनकी शिक्षा की व्यवस्था भी करनी चाहिए।

## सर्वहित में लिया गया निर्णय स्वागत योग्य : इंद्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स से संबंधित जो निर्णय नगर निगम की बैठक में हुआ है, इस निर्णय से गाजियाबाद निवासियों को लग रहा है जिस आशा और उम्मीद के साथ गाजियाबाद जनता ने अपने जन प्रतिनिधियों को चुना है वह निर्णय ठीक साबित हुआ। नगर निगम बैठक में हाउस टैक्स को लेकर जो निर्णय लिया गया है कि इसमें बढ़ोतरी नहीं होगी इसके लिए सम्मानित महापौर सुनीता दयाल, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी बाकी सम्मानित नेता जिन्होंने अपनी सहमति दी इस निर्णय में उनके साथ-साथ सभी सम्मान के योग्य पार्षद गण बधाई के पात्र हैं। गाजियाबाद की जनता ने पिछले दो दशक से निरंतर अपना प्यार और सहयोग दिया है। गाजियाबाद का महापौर को चुने जाने पर हमारा भी फर्ज बनता है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। इस निर्णय में नगर आयुक्त ने भी अपनी सहमति जताई है वह भी बधाई के पात्र हैं। मैं अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल जो एनडीए का सहयोगी दल है। अपनी पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (माइनॉरिटी) के नाते शहर का निवासी होने के नाते सब का साधुवाद करता हूं।

## घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिग उत्पीड़न पर कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति अभियान 5 व की थीम 'घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिग उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरण' के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन में प्रदेश में महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5 व के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ब्लॉक रजापुर एवं समरफील्ड पब्लिक स्कूल बिसोखर, मोदीनगर, गाजियाबाद में घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिग उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम संचालित किया गया। महिला कल्याण विभाग की टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में महिला एवं बालकों के संबंध में अधिनियमों का वृहद्ध रूप से जागरूक किया गया तथा साथ ही प्रमुख हेल्पलाइन यथा 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डिफेंस अधिवक्ता, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षिकगण आदि उपस्थित रहे।




# हापुड़ के सपनावत में है मां वैष्णो का भव्य मंदिर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जगत जननी माता रानी की कृपा से गुरुवार से लगभग 8 वर्ष पूर्व मुझे अपने पैतृक स्थान सपनावत में भव्य मंदिर निर्माण की प्रेरणा मिली। हमारे पूज्य पिताजी प्रेमचंद गुप्ता एवं पूज्य माताजी संतोष देवी मेरी इच्छा सुनकर अत्यंत प्रसन्न हुए तथा मंदिर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। मां वैष्णो धाम मंदिर के चेयरमैन और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता का ऐसा कहना है। उनके अनुसार उन्हें अपने अनुज राजीव गुप्ता वह उनकी धर्मपत्नी सीमा गुप्ता ने हर्ष एवं प्रेम विभोर होकर शीघ्र अतिशीघ्र मंदिर निर्माण करने की बात कही। निष्कर्षतः शुभ मुहूर्त देखकर 16 फरवरी 2011 को 2000 वर्ग मीटर भूमि में मंदिर निर्माण की नींव रखी गई। इस भव्य एवं दिव्य मंदिर के निर्माण का श्रेय मेरे अनुज राजीव गुप्ता को जाता है। इन्हीं के अटूट परिश्रम से मंदिर का निर्माण संपन्न हो पाया है। मां वैष्णो धाम मंदिर जो गुफा वाले मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर की भव्य और अलौकिक दिव्य छठा देखते ही बनती है। मंदिर में सभी भक्तों की मनोकामनाओं को पूरा करने वाली दसभुजी देवी की सुंदर दिव्य प्रतिमा विराजमान है। दक्षिण की कलाकृति से सुसज्जित इस मंदिर में प्रत्येक रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। हापुड़ के सपनावत में मैन रोड पर स्थित इस भव्य मंदिर में प्रत्येक नवरात्रों में विशाल मेला लगा रहता है जिसमें हजारों श्रद्धालु माता रानी की गुफा के दर्शन प्राप्त करते हैं और अपनी मन्नत मांगते हैं।



### भव्य एवं दिव्य मंदिर की ख्याति चारों ओर दिनोदिन बढ़ रही है

**करंट क्राइम।** मन्नत पूर्ण होने पर माता रानी को चुनरी, नारियल और फूल चढ़ाते हैं। श्री त्रिकूट पर्वत पर स्थित मां वैष्णो धाम से दिव्य ज्योति संत महंतों के सानिध्य में लाई गई है और जो अखंड रूप से मंदिर में दर्शनीय है। गुफा में आगे बाबा भैरवनाथ का सुंदर मंदिर है। मंदिर की शृंखला में नौ देवियों के साथ ही राधा कृष्ण युगल के सुंदर विग्रह की पंचमुखी हनुमान जी एवं श्री लाल हनुमान जी वह श्री गौरी शंकर परिवार सहित मंदिर में दसभुजी देवी की सुंदर दिव्या प्रतिमा सुशोभित है। जयपुर के कुशल कारीगरों द्वारा बनी संगमरमर की मूर्तियां मंदिर की शोभा को अतुलनीय बना रही है। सभी की मनोकामना को पूर्ण करने वाला एक दिव्य स्वास्तिक एवं भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है।

### मां वैष्णो के भव्य मंदिर में आज माता की चौकी का आयोजन होगा

**करंट क्राइम।** मंदिर के प्रथम तल में मां के विभिन्न स्वरूपों को दर्शाया गया है। आंगन में श्री तुलसी महारानी का भी स्थान विराजमान है। मंदिर में संकरी एवं चौड़ी भव्य गुफा का निर्माण किया गया है जिसमें नीचे जल की धारा बाणगंगा के रूप में अनवरत बहती रहती है। गुफा में मां वैष्णो देवी की तीनों पिंडियां माता लक्ष्मी, माता काली एवं माता सरस्वती विराजमान हैं। गुफा के रास्ते में जंगल में रहने वाले विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी गुफा की शोभा बढ़ा रहे हैं। इस भव्य एवं दिव्य मंदिर की ख्याति चारों ओर दिनोदिन बढ़ती जा रही है तथा इसी नवरात्रि 10 अक्टूबर को मंदिर में भव्य माता रानी की चौकी का आयोजन भी किया जा रहा है।







▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथ वालों के यहां आ गया मुकदमे के बाद संभाल कर जुबान खोलने का ट्विस्ट? वो नही चाहते हैं कि किसी और नेता का नाम जुड़ जाए इन द एफआईआर वाली लिस्ट? सुना है एविडेंस के अभाव में कर दी गई बुधवार को बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस रद्द? महानगर वाले चल रहे हैं इस मामले में बहुत ही केयरफुल? कहने वाले ने कहा कि हल्के में मत लेना महानगर वालो को ? वो फिर से लौटेंगे और देंगे जवाब एफआईआर दर्ज कराने वालों को?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बाई इलेक्शन से पहले ही शुरू हो गई है मुकदमों की टेंशन? साइकिल वालों पर दर्ज हुआ ई रिक्शा के चक्कर में मुकदमा? केतली वाले भी आ गए मंदिर वाले मामले में मुकदमे की चपेट मे? हाथ वालो की डॉली के शब्दो को माना फूल वालों ने गाली? थाने में प्राथमिकी दर्ज करा डाली? कहने वाले ने कहा कि अभी तो जारी होगी चुनावी अधिसूचना? सियासत वालो को होगा अब बहुत ही सोच समझ कर बोलना? पहले बात को मन में तोलना तब जुबान खोलना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चौधरियों के हुक्के में एक चौधरी मेंबर ने कहा इस वाले चौधरी के गाने का है बहुत ही रुक्का? सुना है राजनगर वाला चौधरी गाता है बहुत ही सुरीला? इतना सुनकर बजरंगी चौधरी बोला? देख तो ले यहां गाना सुनने गाने का कोई माहौल है? हमे तो याद है अब भी वो डेट? जब मिली थी मुंडी अलग होने वाली थ्रेट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार वाले केसरिया पहलवान ने टैक्स का जिक्र होते ही भरी हुंकार? पूरे यश के साथ छाए रहने वाले ये पहलवान रखते हैं अंदाज अपना फूल जोरदार? कर को लेकर करी उन्होंने अपने वार्ड के सारे मतदाताओं की फिक्र? कहा अगर मेरे वार्ड में किसी ने आकर कर भी दिया बढ़े हुए हाउस टैक्स का जिक्र? मैं करदाताओं के लिए सारी हदें पार कर दूंगा? मैं फ्लॉवर वाला हूं मैं फायर वाला काम कर दूंगा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाथी के विधान सभाई महावत कितनी बदलेंगे कहावत? यहां कहा ये जाता है कि जो भी महावत आता है वो अपनी बिरादरी का ही वोट नही ले पाता है? लोकसभा में ठाकुर, विधान सभा में पूर्वांचल वाले पंडित जी,विधान सभा में जाट सब के सब रहे थे अपने समाज का वोट लेने में फेल? हाथी को लग रहा है इसी बात का खटका? केडर तो साथ रहे और बिरादरी वाले दे जाएं झटका? कहने वाले ने कहा कि गर्ग साहब को लगाने पड़ेंगे एक्स्ट्रा जोर? चुनावी नईया पार नही लगा पाएंगे केवल मिशन और कोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** माता की चौकी में हो गया छुपम छुपाई वाला सीन? इधर पहुंचे साहब और उधर पहुंच गए महानगर वाले भाजपाई? सुना है साहब के सामने पड़ना नही चाहते थे भगवा गढ़ के महानगर वाले भाजपाई? जय माता करते करते फिर दूसरे दरवाजे से निकल गए सिटी वाले भाजपाई? दोनो ही पक्षों ने एक दूसरे से नजरे भी नही मिलाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उस सफाई इंस्पेक्टर ने कहा इन बातो में कुछ भी न धरा? मैं तो तब मानू इन मेंबरो को अपनी बात का खरा? जब ये मेरा तबादला नही बल्कि करा दे डिमोशन? मैं तब मानू इन्हे भाजपाई जब ये मुझे बनवा दे इंस्पेक्टर से सिपाही? सुना है ये बात उसने फूल वालों के ही एक पार्षद को सुनाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उठा लिया एक पार्षद ने अब आर पार की लड़ाई का झंडा? वो ले आया है तबादले के लिए धरने वाला फंडा? वो दीवाली पर फोड़ सकता है धरने वाला बम? उसने कह दिया है कि अब और अधिक चुप नही बैठेंगे हम? किस्से का उप अध्याय भी आ गया है सामने? वो नही चाहता अब तबादले को लेकर कोई भी हीला हवाली? धरना तो होगा जरूर अगर इंस्पेक्टर की न हुई बदली बिफोर दीवाली?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सफाई इंस्पेक्टर को लेकर इतने इमोशनल न हो मेंबर भाजपाई? तबादला बहुत बड़ी चीज है भगवा हुकूमत में? अगर लगे ये बात झूठी तो देख ले मेयर विधायक का भी हाल? जिन्होंने किया था जून का एलान,वो अक्टूबर भी निकलते देख रहे हैं होकर हैरान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** निगम के सदन में महिला शक्ति की ताकत और एकता दी दिखाई? जब बार बार माइक हाथ में लेकर बोल रहे थे चौधरी भाई? तब मेयर ने उन्हें चुप रहने की हिदायत सुनाई? कह दिया कि बार बार तुम ही मत उठाओ सवाल? यहां महिला पार्षद भी है मौजूद ,उन्हे भी रखने दो अपनी बात और उनका भी रखो खयाल? मेयर के इस अंदाज को महिला पार्षदो ने किया बहुत ही लाइक? चौधरी पार्षद ने भी रखा बात का सम्मान और फिर उनकी आवाज नही दी सुनाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नन्हे मुन्ने अभियान अग्रवाल ने जब अपने स्कूल सिल्वर बेल्स में प्रभु राम का किरदार निभाया तो प्रभु के काम में सबने हाथ बटाया। अभियान की मम्मी परिषा अग्रवाल ने प्रभु श्री राम का स्वरूप बनाने के लिए अभियान का मेकअप खुद किया। प्रिय लाडले धेवते अभियान की इस फोटो को पूरी खुशी और उत्साह के साथ उनके नाना राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने फेसबुक पर साझा किया। नन्हे प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप में अभियान अग्रवाल का सभी ने जय श्री राम के साथ स्वागत किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।